# शाह टाइम्स

26 JANUARY
HAPPY REPUBLIC DAY

मुरादाबाद, सोमवार 26 जनवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 163 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

shahtimes2015@gmail.com माघ शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 6 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


## जश्न-ए-जम्हूरियत



गणतंत्र दिवस के मौके पर सभी देशवासियों को दिली मुबारकबाद

- सम्पादक

## अवकाश सूचना

गणतंत्र दिवस के मौके पर दैनिक शाह टाइम्स में अवकाश रहेगा। अगला अंक 28 जनवरी 2026 को प्रकाशित होगा।

-प्रबंधक

# 2026 के लिए 131 पद्म पुरस्कारों का ऐलान

शाह टाइम्स ब्यूरो



### धर्मेन्द्र को पद्म विभूषण, रोहित शर्मा को दिया जाएगा पद्मश्री सम्मान

### शिबू सोरेन-अलका याग्निक को पद्म भूषण पुरस्कार सम्मान

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को 2026 के लिए 131 पद्म पुरस्कारों का ऐलान किया। दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र समेत 5 हस्तियों को पद्म विभूषण सम्मान दिया जाएगा।

झारखंड के पूर्व सीएम दिवंगत नेता शिबू सोरेन और बॉलीवुड सिंगर अलका याग्निक समेत 13 हस्तियों को पद्म भूषण से सम्मानित किया जाएगा। क्रिकेटर रोहित शर्मा, पैरा एथलीट प्रवीण कुमार, महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर, हॉकी प्लेयर सविता पूनिया समेत 113 हस्तियों को पद्मश्री के लिए चुना गया है। पद्म पुरस्कार विजेताओं में से 19 महिलाएं हैं। इनमें 6 विदेशी / एनआरआई/ पीआईओ/ ओसीआई कैटेगरी के लोग भी हैं। 16 हस्तियां ऐसी हैं, जिन्हें मरणोपरांत पुरस्कार दिए जा रहे हैं। धर्मेन्द्र समेत 5 हस्तियों को पद्म विभूषण दिया जाएगा। शिबू सोरेन-अलका याग्निक समेत 13 हस्तियों को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। रोहित शर्मा-हरमनप्रीत समेत 113 हस्तियों को पद्मश्री से सम्मानित किया गया। इन्हें भी दिया गया पद्मश्री-गफरुद्दीन मेवाती 'पांडुन का कड़ा' के एकलौते गायक, गफरुद्दीन को 2024 में संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप सम्मान मिल चुका है। राजस्थान के डीग जिले के रहने वाले गफरुद्दीन मेवाती जोगी भपंग वादक और 'पांडुन का कड़ा' गायक हैं। वे पांडुन का कड़ा के एकलौते लोक गायक हैं। गफरुद्दीन को 2024 में संगीत नाटक अकादमी फैलोशिप सम्मान मिल चुका है। उन्होंने देश-विदेश में कई जगह भपंग वादन और पांडुन का कड़ा की प्रस्तुतियां दी है। उन्हें पांडुन का कड़ा के 2500 से ज्यादा दोहे याद हैं। देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मानों में शामिल पद्म पुरस्कार तीन श्रेणियों- पद्म श्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण में प्रदान किए जाते हैं। ये पुरस्कार कला, समाज सेवा, साइंस, इंजीनियरिंग, बिजनेस, इंडस्ट्री, चिकित्सा, साहित्य, शिक्षा, खेल और सिविल सेवा जैसे विविध क्षेत्रों में उत्कृष्टता के लिए दिए जाते हैं।

# बेटियों ने क्रिकेट वर्ल्ड कप जीतकर कीर्तिमान बनाया: मुर्मू

शाह टाइम्स ब्यूरो



### गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति बोलीं: भारत जल्द विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा

**नई दिल्ली।** 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने देश को संबोधत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस उत्सव देशवासियों में राष्ट्रीय एकता तथा गौरव की भावना को मजबूत बनाता है। राष्ट्रीय एकता के स्वरूपों को जीवंत बनाए रखने का प्रत्येक प्रयास अत्यंत सराहनीय है। मैं, आप सभी को गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व की हार्दिक बधाई देती हूं। मुर्मू ने कहा कि गणतंत्र दिवस के साथ-साथ वंदेमातरम् के 150 साल पूरे होने का पर्व भी मनाया जा रहा है।

साल 2021 से नेताजी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाता है। गणतंत्र दिवस का पावन पर्व हमारे अतीत, वर्तमान और भविष्य में देश की दशा और दिशा का अवलोकन करने का अवसर होता है। हमारे देश की दशा बदली। भारत स्वाधीन हुआ। हम अपनी राष्ट्रीय नियति के निर्माता बने। उन्होंने कहा कि 57 करोड़ जन-धन अकाउंट में 56 फीसदी महिलाओं के अकाउंट हैं। 10 करोड़ से ज्यादा सेल्फ हेल्प ग्रुप हैं। खेलकूद में हमारी बेटियों ने कीर्तिमान स्थापित किए हैं। महिला क्रिकेट टीम ने आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप, ब्लाइंड वर्ल्ड कप जीता है। नारी शक्ति अधिनियम से देश की महिलाएं और सशक्त होंगी। वंचित वर्ग की योजनाओं को लगातार बढ़ाया जा रहा है। महिलाओं का सक्रिय और समर्थ होना देश के विकास के लिए जरूरी है। उनके स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे राष्ट्रीय प्रयासों से अनेक क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। भारत विश्व की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थ-व्यवस्था है। विश्व-पटल पर अनिश्चितता के बावजूद भारत में निरंतर आर्थिक विकास हो रहा है। हम, निकट भविष्य में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे पुलिसकर्मी और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस के जवान देश की आंतरिक रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। हमारे सेवाधर्मी डाक्टर, नर्स, स्वास्थ्यकर्मी देशवासियों की सेवा करते हैं। हमारे इंजीनियर देश के विकास में भूमिका निभाते हैं। हमारे देश के संवेदनशील नागरिक देश को सशक्त बना रहे हैं। किसानों के दम पर कृषि प्रोडक्ट्स विदेश में भेजे जा रहे हैं। 25 जनवरी को देश में राष्ट्र मतदाता दिवस भी मनाया जाता है। जन-प्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए हमारे वयस्क नागरिक उत्साहपूर्वक मतदान करते हैं। बाबा साहब डाक्टर भीमराव आंबेडकर मानते थे कि मताधिकार के प्रयोग से राजनैतिक शिक्षा सुनिश्चित होती है। मतदान में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी देश के विकास में बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर, कश्मीर रेल प्रोजेक्ट, विकास, लोकतंत्र और अर्थव्यवस्था जैसे विषयों पर बात रखी। उन्होंने कहा कि इस साल हमें आतंकवाद का दर्द झेलना पड़ा। पहलगाम हमला कायराना और अमानवीय था। इसके जवाब में ऑपरेशन सिंदूर में सेना ने सीमापार आतंकियों के ठिकानों को तबाह किया। यह आत्मनिर्भर भारत मिशन की परीक्षा का भी अवसर था।उनके स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे राष्ट्रीय प्रयासों से अनेक क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। भारत विश्व की सबसे तेज गति से बढ़ने वाली अर्थ-व्यवस्था है। विश्व-पटल पर अनिश्चितता के बावजूद भारत में निरंतर आर्थिक विकास हो रहा है। हम, निकट भविष्य में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे पुलिसकर्मी और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस के जवान देश की आतंरिक रक्षा के लिए तत्पर रहते हैं। हमारे सेवाधर्मी डाक्टर, नर्स, स्वास्थ्यकर्मी देशवासियों की सेवा करते हैं। हमारे इंजीनियर देश के विकास में भूमिका निभाते हैं। हमारी देश के संवेदनशील नागरिक देश को सशक्त बना रहे हैं। किसानों की दम पर कृषि प्रोडक्ट्स विदेश में भेजे जा रहे हैं। 25 जनवरी को देश में राष्ट्र मतदाता दिवस भी मनाया जाता है। जन-प्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए हमारे वयस्क नागरिक उत्साहपूर्वक मतदान करते हैं। बाबा साहब डाक्टर भीमराव आंबेडकर मानते थे कि मताधिकार के प्रयोग से राजनैतिक शिक्षा सुनिश्चित होती है। मतदान में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी देश के विकास में बहुत महत्वपूर्ण है।

## संक्षिप्त समाचार

### ऐ वतन, ऐ वतन.. के रचयिता ताहिर फराज का निधन

**मुंबई।** उर्दू अदब के मशहूर और प्रतिष्ठित शायर ताहिर फराज (72) का शनिवार देर रात यहां निधन हो गया। वह पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। रामपुर के रहने वाले ताहिर फराज का जन्म 29 जून 1953 को उत्तर प्रदेश के बदायूं में हुआ था। फिल्मों के लिए काम और मुशायरों के सिलसिले में पूरी दुनिया में आने-जाने वाले श्री फराज मुंबई एक शादी समारोह में भाग लेने गए थे। वहीं उनके सीने में तेज दर्द हुआ और एक अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। ताहिर फराज मंच के मकबूल शायर थे। उनकी गजलें सीधे लोगों के दिलों तक पहुंचती थी। उन्होंने फिल्मों के लिए भी गाने लिखे और उनकी गजलों को जगजीत सिंह जैसे गायकी के उस्तादों ने आवाज दी।

### दिग्गज पत्रकार मार्क टुली का निधन

**नई दिल्ली।** दिग्गज पत्रकार और ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) के पूर्व संवाददाता मार्क टुली का रविवार को नई दिल्ली में निधन हो गया। वह करीब 90 वर्ष के थे। ब्रिटिश मूल के इस पत्रकार की ख्याति ऐसी थी कि ब्रिटिश नागरिकता के बावजूद उन्हें 'दिल' से भारतीय कहा जाता था। उनका जन्म 1935 में कोलकाता में हुआ था और वहीं उनका बचपन बीता। फिर वह अपनी स्कूली शिक्षा के लिए दार्जिलिग के बोर्डिंग स्कूल चले गए। इक्कीस साल की उम्र में वह कॉलेज की पढ़ाई के लिए लंदन चले गए, जहां उन्होंने कैंब्रिज विश्वविद्यालय से पढ़ाई करने के बाद पादरी बनने के लिए सोचा, लेकिन वह फौज में चले गए।

### राहुल गांधी ने फिर उठाया वायु प्रदूषण का मुद्दा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण का मुद्दा फिर उठाते हुए कहा है कि इससे बच्चों और बुजुर्गों पर बुरा असर पड़ रहा है और दिहाड़ी मजदूरों का जीवन अत्यधिक प्रभावित हो रहा है। श्री गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वायु प्रदूषण की भारी कीमत हम चुका रहे हैं।

# गणतंत्र दिवस पर 982 पुलिस कर्मियों को सेवा मेडल

- इनमें 125 वीरता पदक शामिल
- जम्मू-कश्मीर पुलिस को सबसे ज्यादा 45 मेडल

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस के एक दिन पहले रविवार को केंद्र सरकार ने गैलेंट्री अवॉर्ड्स और सर्विस मेडल की घोषणा की। इस बार 982 पुलिस, फायर ब्रिगेड, होम गार्ड, सिविल डिफेंस और करेक्शनल सर्विस से जुड़े कर्मियों को बेहतरीन (उत्कृष्ट) सेवा के लिए सम्मानित किया जाएगा।

इनमें 125 वीरता पदक (गैलेंट्री मेडल्स) भी शामिल हैं। सबसे ज्यादा 45 वीरता पदक जम्मू और कश्मीर ऑपरेशन थिएटर में तैनात कर्मियों को दिए गए हैं। यहां ऑपरेशन थिएटर का मतलब वह जगह या इलाका, जहां लंबे समय तक आतंकवाद, घुसपैठ के खिलाफ और कानून-व्यवस्था से जुड़े ऑपरेशन चलते रहते हैं। नक्सल हिंसा प्रभावित क्षेत्रों के 35 और पूर्वोत्तर क्षेत्र में तैनात 5 कर्मियों को इन पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। फायर ब्रिगेड सर्विस के 4 बचावकर्मियों को भी वीरता पदक के लिए चुना गया। जम्मू-कश्मीर पुलिस को सबसे ज्यादा 33 वीरता पदक मिले हैं। इसके बाद महाराष्ट्र पुलिस (31), उत्तर प्रदेश पुलिस (18) और दिल्ली पुलिस (14) का स्थान है।

# मन की बात- नए वोटर्स के लिए मिठाई बांटें: मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

- पीएम ने मतदाता दिवस की शुभकामनाएं दीं, कहा: भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 130वें एपिसोड में मतदाता दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मतदाता ही लोकतंत्र की आत्मा होता है।

लोगों से नए वोटर्स के लिए मिठाई बांटने की अपील की। पीएम ने सोशल मीडिया पर चल रहे 2016 की तस्वीरें शेयर करने के ट्रेंड पर बात की। उन्होंने अपनी सरकार के काम पर बात करते हुए कहा कि भारत में आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इको सिस्टम बन चुका है। ये स्टार्टअप लीक से हटके हैं, जिनके बारे में 10 साल पहले कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। उन्होंने कहा कि मैं अपने उन सभी युवा साथियों को सैल्यूट करता हूं, जो किसी न किसी स्टार्टअप से जुड़े हैं या नया स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं। पीएम ने भारतीय प्रोडक्ट्स को लेकर कहा कि हम सभी का एक ही मंत्र हो क्वालिटी, क्वालिटी और क्वालिटी। इंडियन प्रोडक्ट का मतलब बन जाए क्वालिटी। हम संकल्प लें कि क्वालिटी से कोई समझौता नहीं होगा।


# आज के कटु संबंधों को देखते हुए असंभव सी बात

शाह टाइम्स ब्यूरो

- भारत ने जब गणतंत्र दिवस के मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया पाकिस्तान को

**नई दिल्ली।** भारत अपने गणतंत्र दिवस के अवसर पर लगभग हर साल किसी न किसी देश के शासनाध्यक्ष या राजनेता को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करता रहा है।

यह आमंत्रण दो देशों या समूहों के बीच कूटनीतिक संबंधों को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण साधन के रूप में इस्तेमाल होते रहे हैं, लेकिन ऐसा भी हुआ है कि इस समारोह में पड़ोसी और धुर-प्रतिद्वंद्वी देश पाकिस्तान के राजनेताओं को दो बार आमंत्रित किया है। अपने पांचवें गणतंत्र दिवस (1955) में भारत ने पहली बार अपने पड़ोसी देश पाकिस्तान के तत्कालीन गवर्नर जनरल मलिक गुलाम मोहम्मद को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया था। यह आज के कटु संबंधों को देखते हुए एक असंभव सी बात लगती है, लेकिन तब भी रिश्तों में कोई बहुत मिठास नहीं थी, हालांकि तब इतनी खटास भी नहीं थी। दोनों नवनिर्मित देश अपनी-अपनी समस्याओं से तो जूझ ही रहे थे, लेकिन अपने संबंधों को लेकर भी जूझ रहे थे, ऐसे में भारत ने मलिक गुलाम मोहम्मद को आमंत्रित कर एक उदार और साहसी कदम उठाया था। मलिक गुलाम मोहम्मद ने अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से पढ़ाई की थी और हैदराबाद निजाम के लिए वित्तीय सलाहकार के रूप में काम किया था। तब दोनों देशों के आकार लेते रिश्तों की पृष्ठभूमि में भारत यह उम्मीद कर रहा था कि श्री मोहम्मद के भारत से व्यक्तिगत जुड़ाव का दोनों देशों के संबंधों को सकारात्मक लाभ होगा।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई

गणतंत्र दिवस की सभी को
बधाई

मौहम्मद सलमान अंसारी
समाजसेवी
राशन डीलर- ग्राम पंचायत मानियावाला
ब्लॉक अफजलगढ़

गणतंत्र दिवस की सभी नागरिकों को शुभकामनाएं
अमित मेडिकोज
प्रो.- अमित कुमार राय
स्टेशन रोड, झालू, बिजनौर
अंग्रेजी, आयुर्वेदिक एवं पशुओं की दवाओं के फुटकर विक्रेता।
24 घन्टे सेवा उपलब्ध


गणतंत्र दिवस की सभी नागरिकों को शुभकामनाएं
अनुराग जोशी
जिला उपाध्यक्ष-विश्व हिंदू महासंघ व भाजपा बूथ अध्यक्ष झालू, बिजनौर


गणतंत्र दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई

अरविंद राजपूत
ब्लॉक अध्यक्ष- भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक, किरतपुर

गणतंत्र दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई

इरशाद आलम अंसारी
वरिष्ठ समाजसेवी
किरतपुर, जनपद बिजनौर


यौमे जम्हूरियत की मुबारकबाद
अवामी इमदादी सोसायटी
किरतपुर, जनपद-बिजनौर

शाहिद अली खान
अध्यक्ष
डॉक्टर एम. जुनैद
जनरल सेक्रेटरी


## वीर हकीकत राय बलिदान दिवस मनाया

**नजीबाबाद।** विद्या भारती द्वारा संचालित निर्मला गोकुल सिंह यादव सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज कोटद्वार मार्ग में बसन्त पंचमी एवं वीर हकीकत राय बलिदान दिवस एवं सुभाष चंद्र बोस की जयंती कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल, पूरन सिंह भण्डारी, कपिल गर्ग, विशम्बर सिंह एवं उनकी पत्नी रूपा देवी, अजय गुप्ता, हेमन्त कुमार, अंकुश त्यागी, एवं प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

गणतंत्र दिवस की सभी को
दिली मुबारकबाद
श्रीमती हसीना प्रधान
पत्नी नसीम अहमद
ग्राम पंचायत फरीदपुर भोगन
ब्लॉक हल्दौर, बिजनौर


गणतंत्र दिवस की सभी को
दिली मुबारकबाद
मौहम्मद शफीक
प्रधान अध्यापक
उ.प्रा.वि. जहानाबाद
ब्लॉक हल्दौर, बिजनौर


गणतंत्र दिवस की सभी को
हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. बी.सी रॉय
निकट बस स्टैंड, मैन मार्केट
गंज (बिजनौर)


गणतंत्र दिवस की सभी को
दिली मुबारकबाद
ग्राम पंचायत फरीदपुर भोगन से प्रधान पद के भावी उम्मीदवार
ईमानदार प्रत्याशी
राशिद अली
ब्लॉक हल्दौर, बिजनौर


गणतंत्र दिवस की सभी को
शुभकामनाएं
टीकम सिंह
डीलर
ग्राम पंचायत जहानाबाद
ब्लॉक हल्दौर, बिजनौर


गणतंत्र दिवस की सभी को बधाई
हकीम अब्दुल सलाम
वरिष्ठ नेता-मजलिस इत्तिहादुल मुस्लिमीन, किरतपुर


गणतंत्र दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई

डॉ. मोअज्जिजयार खान
सभासद पति-सायमा खान
सभासद वार्ड नंबर 5, किरतपुर







# अहंकार में धार्मिक धरोहरें मिटा रही भाजपा: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** वाराणसी में दालमंडी चौड़ीकरण व घाटों के सौंदर्यीकरण को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा की जा रही तोड़फोड़ पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि यह 'भाजपाई अहंकार का भूकंप' है, जो मंदिरों को नुकसान पहुंचा रहा है और पूज्य वृक्षों की जड़ों तक उखाड़ी जा रही हैं।



■ वाराणसी में दालमंडी चौड़ीकरण व घाटों के सौंदर्यीकरण को लेकर तीखा हमला बोला

रविवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि धार्मिक स्थलों, संत-महात्माओं और सदियों पुरानी विरासत के साथ इस तरह का व्यवहार बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा नेतृत्व विकास के नाम पर देश की सांस्कृतिक पहचान को नुकसान पहुंचा रहा है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि इन दृश्यों को देखकर हर संवेदनशील नागरिक का मन विचलित होना स्वाभाविक है। उन्होंने भाजपा पर समाज में विभाजन पैदा करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार को ऐसे किसी भी कार्य से बचना चाहिए, जिससे धार्मिक सौहार्द और सामाजिक एकता प्रभावित हो। अखिलेश यादव ने भाजपा समर्थकों से भी आत्ममंथन करने की अपील करते हुए कहा कि देश और समाज सर्वोपरि हैं और किसी भी राजनी. तिक एजेंडे से ऊपर होने चाहिए। सपा अध्यक्ष ने मांग की कि वाराणसी समेत प्रदेश के अन्य स्थानों पर हो रहे कार्यों की निष्पक्ष समीक्षा कराई जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि सौंदर्यीकरण या विकास के नाम पर किसी भी धार्मिक स्थल, ऐतिहासिक धरोहर या पर्यावरण को क्षति न पहुंचे। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी इस मुद्दे को गंभीरता से उठा रही है और जरूरत पड़ी, तो जनभावनाओं की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन भी करेगी।

## जनगणना पर अखिलेश का बयान राजनीतिक हताशा का परिचायक: श्रीवास्तव

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा जनगणना में जाति कॉलम को लेकर दिए गए बयान पर भारतीय जनता पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि अखिलेश यादव का यह बयान बौधिक खोखलेपन के साथ-साथ राजनीतिक हताशा और निराशा को दर्शाता है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि अखिलेश यादव एक तरफ खुद को अनुभवी सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री बताते हैं, वहीं दूसरी ओर बिना तथ्य जाने जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा केंद्रीय जनगणना अधिनियम 1948 के अंतर्गत 22 जनवरी 2026 को जारी राजाज्ञा के बिदु संख्या 12 में स्पष्ट रूप से अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग सहित अन्य वर्गों का विवरण दर्ज किए जाने का उल्लेख है। उन्होंने कहा कि ऐसे में जनगणना में जाति का कॉलम नहीं होने की बात कहना पूरी तरह भ्रामक है। उन्होंने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव अपने ही सांसदों, विधायकों और कार्यकर्ताओं के बीच मजाक का विषय बनते जा रहे हैं, क्योंकि उनके बयान सरकारी दस्तावेजों से मेल नहीं खाते।

# अविमुक्तेश्वरानंद के शिविर के बाहर अराजक तत्वों ने किया हंगामा

**प्रयागराज, वार्ता**

प्रयागराज माघ मेले में शनिवार देर रात शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के शिविर के बाहर कुछ असमाजिक तत्वों ने जमकर हंगामा किया। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की ओर से कल्पवासी थाना अध्यक्ष को दी इस मामले में तहरीर दी गई है, जिसमें उन्होंने इसे स्वयं के लिए खतरा बताते हुए कहा कि शिविर में रह रहे श्रद्धालुओं और शिविर की संपत्ति को भी हो सकता है।

अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने अपनी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की मांग की है। तहरीर के मुताबिक शिविर के बाहर कुछ असामाजिक तत्व पहुंच गए, वह हाथों में लाठी डंडे और झंडा लेकर के भगवा झंडा लिए हुए थे। कुछ युवक जबरन शिविर में प्रवेश करने लगे,बाहर से आए युवकों ने उपद्रव मचाने की कोशिश की। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के सेवकों और जबरन घुसे लोगों के बीच हाथापाई हुई। उनके सेवकों ने हंगामा कर रहे लोगों को शिविर से बाहर निकाला। आरोप है कि प्रदर्शन करने आए लोगों ने कुछ आपत्तिजनक नारे भी लगाए। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने चेतावनी दिया है, कि अगर शरारती तत्व शिविर में पुनः प्रवेश करते हैं, तो श्रद्धालुओं और शिविर की संपत्ति को गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है।

## शंकराचार्य विवाद के जल्द समाधान का है भरोसा: डा. इंदेश

**इटावा।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े मुस्लिम मंच के संयोजक डॉ. इंद्रेश कुमार ने दावा किया है कि प्रयागराज में शंक. राचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के मुद्दे को लेकर चल रहा विवाद का समाधान जल्द निकल आएगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े मुस्लिम मंच के संयोजक डॉ. इंद्रेश कुमार इटावा मुख्यालय पर स्थापित नारायण कॉलेज में आयोजित खिचड़ी भोग में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे। उत्तर प्रदेश के साधु संत, महात्मा और सरकार इस मामले को सुलझाने में पूरी तरह सक्षम हैं।

सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
उमाकांत मुदगल
खण्ड विकास अधिकारी
ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद

26 जनवरी 2026, 77 वें गणतंत्र दिवस की पावन एवं गरिमामयी बेला पर
पशुपति एकेलॉन लि0 द्वारा समस्त देशवासियों का हार्दिक अभिनन्दन एवं शुभकामनायें
ACRYLON- THE BEST THING NEXT TO YOUR SKIN
PASUPATI ACRYLON LTD.
KASHIPUR ROAD, THAKURDWARA - 244601, MORADABAD (U.P.)

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
26 जनवरी गणतंत्र दिवस
डा0 आफताब हासमी
मण्डल उपाध्यक्ष भाजपा, ठाकुरद्वारा
दीपक वाल्मीकि
मण्डल अध्यक्ष भाजपा, ठाकुरद्वारा

समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
गौरव वर्मा एडवोकेट
भाजपा, विधान सभा 27 मुरादाबाद देहात

समस्त क्षेत्रवासियों, अभिभावकों एवं छात्र/छात्राओं को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेश कुमार
प्रबंधक
डा. दीपक कुमार
प्रधानाचार्य
ग्रुप ऑफ आर.एस.एम. कॉलेज
आर.एस.एम. पी.जी. कॉलेज, रामपुर घोघर
आर.एस.एम. इण्टरनेशनल एकेडमी, सुरजननगर
आर.एस.एम. इण्टर कॉलेज, रामपुर घोघर

त्रिवेणी इन्जीनियरिंग एण्ड इण्डस्ट्रीज लिमिटेड-शुगर यूनिट-रानीनांगल
77वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर समस्त किसान भाईयों का हार्दिक अभिनन्दन एवं शुभकामनायें ।
सम्मानित किसान भाईयों,
त्रिवेणी चीनी मिल क्षेत्र के सर्वांगीण विकास एवं आपके गन्नें की समय से खरीद एवं त्वरित गन्ना मूल्य भुगतान हेतु तत्पर है। बसन्त कालीन गन्ना बुवाई 2026 हेतु आपसे निम्न लिखित अनुरोध है:-
● आगामी बसंत कालीन गन्ना बुवाई में उन्नतिशील प्रजातियों की बुवाई कर अधिक से अधिक गन्नें का क्षेत्रफल बढ़ायें।
● अधिक उत्पादन के लिये को0-0118, को0-15023, को0-98014 एवं को०लख0-14201 की बुवाई स्वस्थ बीज से समय से ट्रेन्च प्लांटर द्वारा 4 फीट की दूरी पर करें।
● गन्ना की बुवाई करते समय हेक्सास्टॉप द्वारा बीज शोधन एवं ट्राइकोडर्मा से भूमि शोधन अवश्य करें।
● गन्ने की बुवाई अनिवार्य रूप से प्रत्येक दशा में फरवरी-मार्च तक अवश्य पूरा कर लें।
● देर से बुवाई अर्थात् गेहूँ, कटने के बाद बुवाई करने से पैदावार कम होती है।
● पेड़ी प्रबन्धन के लिये सतह से पौधे की कटाई धारदार हथियार / पलकटी से करें, साथ ही साथ पेडी प्रबन्धन मशीन (RMD) का प्रयोग कर उचित पेड़ी प्रबन्धन करें और उत्पादन बढ़ायें।
● किसान भाई साथ-सुथरा, ताजा, जड़-पत्ती, अगोला एवं मड रहित गन्ना ही चीनी मिल को आपूर्ति करें।
● प्रेसमड् (मैली) कृषकों को बहुत ही कम मूल्य पर उपलब्ध कराया जा रहा है, डिकम्पोजर मिलाकर प्रेसमड को सड़ाकर खेतों में प्रयोग करें।
टी0एस0 यादव
महाप्रबन्धक (गन्ना)
वी0 वेंकटरथनम्
उपाध्यक्ष

KAILASH GROUP
Genus energizing lives
गणतंत्र दिवस
सभी क्षेत्रवासियों एवं कर्मचारियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेक्षु - समस्त परिवार
जीनस पेपर एण्ड बोर्ड्स लिमिटेड
(उच्च कोटि के क्राफ्ट पेपर निर्माता)
कांठ रोड अगवानपुर (मुरादाबाद)
टेलीफोन न. 9837075702, 703
फैक्स नं. 0591-2511242

सभी देशवासियों एवं क्षेत्र वासियों को गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
रिहान पाशा
प्रधान प्रतिनिधि
इकरार हुसैन
ग्राम प्रधान थांवला

मा. नरेन्द्र मोदी जी
प्रधानमंत्री
मा. योगी आदित्यनाथ जी
मुख्यमंत्री
समस्त ठाकुरद्वारा विधान सभा क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राकेश चौहान
आपका अपना:- राकेश चौहान
निवासी दूल्हापुर, ठाकुरद्वारा
मो. 9917244111
9758136006

धर्मवीर सिंह मैमोरियल हॉस्पिटल
धर्मवीर सिंह मैमोरियल ग्रुप ऑफ कॉलेज
धर्मवीर सिंह राजपूत मैमोरियल कॉलेज ऑफ फार्मेसी
धर्मवीर सिंह मैमोरियल पी.जी. कॉलेज
77 वे गणतंत्र दिवस की
की छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, अभिवकों एवं समस्त क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
गौरव चौहान
डायरेक्टर
महेन्द्र सिंह
प्रबंधक
कोर्स
डी. फार्मेसी
(Approved by PCI New Delhi, AICTE, BTE Lucknow)
शैक्षिक योग्यता - 12वीं मैथ/ बायो ग्रुप
बी.ए. (समस्त विषय)
बी.एस-सी. (मैथ एवं बायो ग्रुप)
बी.कॉम.
एम.ए. (हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, चित्रकला, गृह विज्ञान, भूगोल, शिक्षा शास्त्र)
एम.एस-सी. (भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान)
व्यक्तिगत पाठ्यक्रम - बी.ए., बी.कॉम., एम.ए. (हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, शिक्षा शास्त्र, गणित)
सुल्तानपुर दोस्त चौराहा (उस्मानपुर), ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)
Mob.: 9627094353, 6398777718, 9410283114, 9759712425

भारत के महान राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।
रामसिंह सेंटर, ठाकुरद्वारा।
सरोज एकेडमी ऑफ इंटेलिजेंस, ठाकुरद्वारा।
अपर्णा औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र, ठाकुरद्वारा।
9837784399, 9084190905
Anirudh Chauhan
(Free Career Counsellor)
CERTIFIED AUTHOR & MOTIVATOR
CGST Officer, Govt of India.
Final Selected in - SSC CGL (2006 & 2010), SBI PO (2008 & 2009), SBI CRA, CDS, CENTRAL SECRETARIAT SERVICE (ASO), RAILWAY STENO, INCOME TAX (T.A.).

सभी देशवासियों को डॉ. उस्मानी परिवार की ओर से गणतंत्र दिवस की दिली मुबारकबाद
डॉ.एम.एच.उस्मानी
M.D.(Dr. Usmani Piles Clinic)
6396484958
डॉ.एम.एन.उस्मानी
BAMS, MD (AM), PGCK (Gaziabad)
96393-37077
उस्मानी पाइल्स क्लीनिक
मुस्लिम कॉलेज के पीछे, नई बस्ती ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)

श्री रामगोपाल सिंह महाविद्यालय
श्री रामकृष्ण सिंह आई.टी.आई.
श्री रामगोपाल सिंह इण्टर कॉलेज
सुल्तानपुर दोस्त (मुरादाबाद)
की ओर से सभी छात्र-छात्राओं शिक्षकों-अभिभावकों और क्षेत्रवासियों को राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस-2026 की हार्दिक शुभकामनाएं
धर्मराज सिंह
प्रबंधक
9410416908, 7900926321
रामकृष्ण सिंह
डायरेक्टर
9756019548

मैसर्स राजीव ज्वेलर्स
बाजार गंज, ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)
की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अनुराग सिंघल
उपाध्यक्ष लघु व्यापार मंडल, तहसील प्रभारी पंजाब केसरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एक्टिव प्रेस क्लब, कोषाध्यक्ष अग्रवाल सभा, ऑडिटर श्री शिव मढ़ी मंदिर सेवा ट्रस्ट रजिस्टर्ड

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिलारी
सभी देशवासियों को स्वतन्त्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
शानू कुमार
विकेश कुमार

समस्त क्षेत्र वासियों, आपको एवं आपके परिवार को
गणतंत्र दिवस 26 January की हार्दिक शुभकामनाएं
मा. योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री - उ0 प्र0
जिलाध्यक्ष (लघु उद्योग व्यापार मण्डल) मुरादाबाद
चेयरमैन - कृष्णा इन्टरनेशनल कॉलेज
भाजपा - विधान सभा 26 ठाकुरद्वारा - 9927453914
गौरव चौहान
जिलाध्यक्ष - व्यापार मण्डल मुरादाबाद

तहसील प्रशासन बिलारी
सभी देशवासियों को गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
विनय कुमार सिंह
अंकित गिरी
विजय श्रीवास्त
विनय अहिर
धर्मपाल सिंह
अकबर अली
यशपाल गिरी

ठाकुर अजय प्रताप सिंह
पूर्व प्रत्याशी भाजपा, ठाकुरद्वारा विस
मा. नरेन्द्र मोदी जी
प्रधानमंत्री, भारत सरकार
मा. योगी आदित्यनाथ जी
मुख्यमंत्री, उ.प्र. सरकार
सभी क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
गणतंत्र दिवस

राणा ग्रुप की इकाई
LSM
लक्ष्मी जी शुगर मिल्स कम्पनी लिमिटेड
(यूनिट, श्री अजुध्या शुगर मिल)
राजा का सहसपुर, बिलारी, (मुरादाबाद)
की ओर से समस्त कृषक भाईयों, क्षेत्रवासियों एवं पदाधिकारियों को
गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें
अनुरोध
किसान भाईयों, बसन्तकालीन गन्ना बुवाई में उन्नतिशील प्रजातियों जैसे-को0-15023, को0लख0-14201, को0-0118, को0शा0-13235, को.शा.-17231 एवं को0लख0-16202 की बुवाई कर कम लागत में अधिक से अधिक गन्ना उत्पादन कर स्वयं एवं प्रदेश के विकास में भागीदार बनें, तथा गन्ना बीज को शोधित करके ही बुवाई करें, बुवाई से पूर्व अपने खेतों में ट्राईकोड्र्मा एवं सूडोमोनास का अवश्य प्रयोग करें तथा आपूर्ति योग्य समस्त गन्ना समिति पर्ची पर मिल को आपूर्ति करते रहे।
नोट- चीनी मिल क्षेत्र में उन्नतशील प्रजातियों का बीज पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है अतः कृषक भाईयो से अनुरोध है कि आप अपने जोनल अधिकारी /फील्ड सुपरवाइजर से सम्पर्क कर अपना गन्ना बीज बुक करा ले।
सुभाष खोखर
उपाध्यक्ष

सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
26 जनवरी गणतंत्र दिवस
ठाकुर रामवीर सिंह (एड0)
विधायक 29-कुन्दरकी, मुरादाबाद
रचित गुप्ता
विधायक मीडिया प्रभारी

# सिलेंडर फटने से वृद्ध की मौत

## मकान की दीवारें और लिंटर क्षतिग्रस्त





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** खाना बनाते समय घरेलू सिलेंडर फटने से एक व्यक्ति की मौत हो जाने के साथ-साथ धमाके से घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। सिलेंडर फटने से धमाके से आसपास के घरों की दीवारें क्षतिग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर नगर के मौहल्ला हलवाईयान निवासी अंजार अहमद (65 वर्ष) पुत्र अब्दुल गफ्फार की पुत्रवधू सितारा खाना बना रही थी। इसी दौरान अचानक गैस लीक हो गई और आग लग गई। आग लगते ही सिलेंडर ने भीषण रूप ले लिया। स्थिति को भांपते हुए पुत्रवधू अपने छोटे बच्चे को लेकर तुरंत घर से बाहर निकल गई। देखते ही देखते गैस सिलेंडर कुछ देर बाद ही फट गया, लेकिन वृद्ध अंजार अहमद समय रहते बाहर नहीं निकल सके। सिलेंडर की धमक से मकान की दीवारें और लिंटर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये। मकान के मलबे में दबकर अंजार अहमद की मौत हो गई। धमाका इतना तेज था कि उसकी आवाज काफी दूर तक सुनाई दी, जिससे आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई और धमाके के बाद इलाके में धुएं का गुबार फैल गया और लोग सहमकर घरों से बाहर निकल आये। सूचना मिलते ही पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी वीरेन्द्र कुमार ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं सिलेंडर के धमाके से क्षतिग्रस्त लिंटर के टुकड़े आसपास के घरों मे जाकर गिरे, जिससे लोगों में दहशत का माहौल बन गया। हादसे के बाद से पीड़ित परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## शराब के ठेके के पास मिला शव

**हीमपुर दीपा।** हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम रावटी स्थित देशी शराब के ठेके के पास एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम अकौंधा निवासी कमित (41 वर्ष) पुत्र राजेंद्र और पप्पू को हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम रावटी स्थित देशी शराब के ठेके के पास शराब के नशे में घूमते हुए देखा गया था। सुबह उसका शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया अत्यधिक शराब के सेवन और ठंड से कमित की मृत्यु होना प्रतीत हो रहा है। हालांकि पुलिस ने पंचायतनामे की कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। हीमपुर दीपा थाना प्रभारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## एक नजर

### शिविर में 120 मरीजों का परीक्षण



**धामपुर।** श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल पीपलसाना में अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा एक नि:शुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अनुभवी डॉक्टर की टीम ने 120 रोगियों का सकुशल इलाज किया। इस शि. विर में ब्लड प्रेशर, हीमोग्लोबिन, शुगर की निशुल्क जांच की गई एवं दवाइयां भी निशुल्क वितरित की गई। शिविर में डॉ. पल्लवी सिंह, डॉ. रवेन्द्र सिंह, डॉ. आकाश कुमार, डॉ. रेनू सिंह एवं श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल मैनेजर त्रिवेंद्र राणा, अंकुर कौशिक, कुलदीप कुमार, वर्षा चौहान, लक्ष्मी, निशु रानी, कुलदीप कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा। शिविर में श्री राम सर्वोदय हॉस्पिटल पीपलसाना के चेयरमैन डॉ. एनपी सिंह मौजूद रहे ।

### बजरंगबली बाबा का गुणगान



**धामपुर।** नगीना रोड स्थित हिंदू कॉलोनी में विजेंद्र सिंह के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन धर्म के प्रकाश को पापियों के नाश को श्री राम की सेना चली, यह भजन सबको खूब पसंद आया। अंत में आयोजक परिवार को श्री राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में मनोज कुमार सिंह, आयुष प्रताप सिंह, विजेंद्र सिंह, विदुषी रानी, निवेदिता, अंजली सिंह, आकृष सिंह आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल से अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, प्रीतम सैनी, सुनील कुमार सिंह, नंदकिशोर रस्तोगी, संदीप भारद्वाज, सत्येंद्र शर्मा, विजयपाल सिंह, राम प्रकाश वर्मा आदि शामिल रहे।

### मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई



**धामपुर।** एसबीडी कॉलेज में प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान के निर्देशानुसार मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में कार्यकम का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गत सर्वप्रथम छात्राओं को मतदाता दिवस की शपथ दिलायी गई। जिसमें महाविद्यालय के शिक्षिकाएं तथा कर्मचारी वर्ग भी उपस्थित रहे। तत्पश्चात् महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रांगण में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अन्तर्गत सफाई अभियान चलाया गया। जिसमें एनसीसी तथा एनएनएस की छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। एनसीसी कार्यक्रम अधिकारी मीनू शर्मा मतदाता जागरुकता कार्यकम नोडल अधिकारी डा. नगमा परवीन, डॉ. कनक चौहान, डा. रेनू सिंह, उमेश कुमार, पुष्पेन्द्र कुमार, बलवीर सिंह एवं राम सिंह उपस्थित रहे तथा सहयोग दिया।

### राजन चंद्रा की सराहना

**नहटौर।** नूरपुर मार्ग पर गांव बल्दाना व आंकू के बीच एक ट्रक ने निराश्रित गोवंश को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। निराश्रित गोवंश का शव सड़क किनारे पड़ा हुआ था। जिसको देखकर नहटौर निवासी बजरंग दल के जिला साप्ताहिक मिलन प्रमुख राजन चंद्रा ने जेसीबी बुलाकर गोवंश के शव को दफन कराया। उनके इस कार्य की सराहना की जा रही है।

### स्वदेशी संकल्प यात्रा निकाली




**नहटौर।** स्वदेशी जागरण मंच और स्वदेशी स्वावलंबी भारत अभियान के तहत नहटौर नगर में स्वदेशी संकल्प यात्रा निकाली गई। जिसमें स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का आह्वान किया गया। हल्दौर चौराहे पर स्वदेशी जागरण मंच और स्वदेशी स्वावलंबी भारत अभियान के तहत पहुंची स्वदेशी संकल्प यात्रा का स्वागत किया गया। संकल्प यात्रा में विदेशी चीजों का बहिष्कार और स्वदेशी अपनाने का आह्वान किया गया। यात्रा प्रभारी क्षेत्र संयोजक पूर्वी उत्तर प्रदेश अनुपम श्रीवास्तव, प्रशांत महर्षि, चंद्रसेन, प्रदीप विश्वकर्मा, कपिल शर्मा, राकेश अग्रवाल, महावीर सैनी आदि ने भाग लिया।

# देश की तरक्की महिलाओं के उत्थान से जुड़ी : जिम्मी सिंह



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर समाजसेविका जिम्मी सिंह ने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल राष्ट्रीय पर्व नहीं, बल्कि संविधान में निहित समानता, अधिकार और कर्तव्यों को आत्मसात करने का अवसर है। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश की वास्तविक तरक्की तभी संभव है, जब महिलाओं को समान अवसर देकर उन्हें सशक्त बनाया जाए।

जिम्मी सिंह ने अपने बयान में कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में महिलाओं को आगे बढ़ाने से समाज और राष्ट्र दोनों मजबूत होते हैं। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में देश का नाम रोशन कर रही हैं, लेकिन अभी भी जमीनी स्तर पर उन्हें और अधिक सहयोग और जागरूकता की आवश्यकता है।

समाजसेविका ने कहा कि गणतंत्र दिवस हमें यह संदेश देता है कि लोकतंत्र की मजबूती समाज के हर वर्ग, विशेषकर महिलाओं, की भागीदारी से ही संभव है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे महिला सम्मान और समान अधिकारों के प्रति जागरूक रहें।

उन्होंने आगे कहा कि महिलाओं का उत्थान केवल महिलाओं का मुद्दा नहीं, बल्कि पूरे देश की प्रगति से जुड़ा विषय है। जब महिलाएं सशक्त होंगी, तभी भारत एक मजबूत और विकसित राष्ट्र बनेगा।

# मुकरंदपुर में चोरी, पुलिस जांच में जुटी

## पुलिस की तत्परता सराहनीय, चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार की कार्यशैली बनी मिसाल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** ग्राम मुकरंदपुर में हुई चोरी की घटना के बाद पुलिस ने जिस मुस्तैदी और ईमानदारी से कार्रवाई शुरू की है, उसकी स्थानीय स्तर पर सराहना की जा रही है। चोरों द्वारा एक घर से नकदी व सीसीटीवी डीवीआर चोरी किए जाने की सूचना मिलते ही पुलिस ने बिना देर किए जांच को आगे बढ़ाया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निवासी खिलेंद्र सिंह के घर में रात्रि के समय चोर दीवार के सहारे चढ़कर खिड़की के रास्ते घर में दाखिल हुए और लगभग पच्चीस हजार रुपये नकद तथा सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर चोरी कर ले गए। चोरों द्वारा आसपास के कुछ अन्य घरों में भी चोरी का प्रयास किया गया, लेकिन सतर्कता बढ़ने पर वे मौके से फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही झालू चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार पुलिस टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया और आवश्यक सुराग जुटाए। पुलिस द्वारा गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ त्वरित जांच शुरू किए जाने से ग्रामीणों में भरोसा बना हुआ है। चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि पीड़ित से अभी तहरीर नहीं मिली है।

पुलिस का कहना है कि जांच पूरी गंभीरता से की जा रही है और शीघ्र ही चोरी की घटना का खुलासा किया जाएगा। वहीं, ग्रामीणों से भी सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की गई है।

### मंगलसूत्र लूट खुलासे पर झालू चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार होंगे सम्मानित



**झालू।** पुलिस सूत्रों के अनुसार चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार, हैड कांस्टेबल शक्ति चौधरी, आरक्षी कुलदीप कुमार को निष्पक्ष, सक्रिय और अनुशासित कार्यशैली के चलते पुलिस कप्तान द्वारा हल्दौर क्षेत्रान्तर्गत मंगलसूत्र लूट की घटना के सफल अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर 26 जनवरी को सम्मानित किए जाने की भी तैयारी की जा रही है। उनकी नेतृत्व क्षमता और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर सजगता को उच्चाधिकारियों द्वारा सराहा गया है।

# गणतंत्र दिवस को लेकर धामपुर में अलर्ट मोड



## एएस चेक टीम ने चलाया तलाशी अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** गणतंत्र दिवस को लेकर सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह अलर्ट मोड पर हैं। इसी क्रम में एएस चेक टीम द्वारा धामपुर क्षेत्र के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर सघन तलाशी एवं जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान रेलवे स्टेशन, मुसाफिरखाना, रोडवेज बस स्टैंड और नगीना चौराहे सहित विभिन्न स्थानों पर यात्रियों एवं वाहनों की गहन जांच की गई।

एएस चेक टीम ने सबसे पहले धामपुर रेलवे स्टेशन और मुसाफिरखाना क्षेत्र में जांच अभियान चलाया। यहां आने-जाने वाले यात्रियों की बारीकी से तलाशी ली गई, वहीं मुस्लिम मुसाफिरखाने में ठहरे यात्रियों का पूरा रिकॉर्ड रखने के निर्देश संबंधित कर्मचारियों को दिए गए। टीम द्वारा मुसाफिरखाने में ठहरे यात्रियों एवं उनके सामान की भी जांच की गई।

इसके पश्चात टीम रोडवेज बस स्टैंड पहुंची, जहां बसों में सवार यात्रियों तथा संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई। यात्रियों के सामान की भी तलाशी ली गई, जिससे किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी जा सके। इसके अलावा नगीना चौराहे पर भी टीम ने कई बसों और वाहनों को रोककर जांच की।

सुरक्षा जांच के दौरान टीम को देखकर क्षेत्र में चर्चाओं का माहौल बना रहा। हालांकि अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह जांच अभियान नियमित रूप से चलता रहता है, लेकिन गणतंत्र दिवस के मद्देनजर इस बार विशेष सतर्कता बरती जा रही है।

टीम में शामिल अधिकारियों ने बताया कि प्रशासन सुरक्षा को लेकर पूरी तरह गंभीर है और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संदिग्ध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और जरूरत पड़ने पर आगे भी इसी तरह के अभियान चलाए जाएंगे।

# विवाहिता ने फांसी लगा की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब एक विवाहिता ने दो मासूम बच्चों की भी परवाह न करते हुए फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली । सूचना मिलते ही हीमपुर दीपा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और पंचायतनामें की कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के मुबा. रकपुर खादर निवासी मीनाक्षी का विवाह चांदपुर थाना क्षेत्र के ग्राम फुरैला में ईश्वरदयाल के साथ संपन्न हुआ था।

बताया जाता है कि ईश्वरदयाल से मीनाक्षी को दो संताने भी हैं। सूत्र बताते है कि पिछले कई सालों से मीनाक्षी का ईश्वरदयाल से दहेज प्रथा का मुकदमा चला आ रहा है और वह तब से अपने मायके में ही रह रही थी।

आज देर शाम किसी समय किन्ही बातों को मन में रखकर 35 वर्षीय मीनाक्षी ने फांसी के फंदे पर झूलकर मौत को गले लगा लिया। मीनाक्षी अपने पीछे दो मासूम संतानों को रोता बिलखता छोड़ गई है।

## एक नजर

### फांसी के फंदे पर लटका मिला शव

**स्योहारा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सदाफल निवासी विपिन कुमार का शव ग्राम हमीरपुर क्षेत्र में स्थित गन्ने के खेत में फांसी के फंदे पर लटका मिला। दोपहर को खेतों की ओर गए ग्रामीणों की नजर शव पर पड़ी, जिसके बाद तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार एवं हल्का इंचार्ज राकेश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। गौरतलब है कि थाना क्षेत्र में बीते कुछ समय से लगातार इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं।

### पीएम आवास योजना में किसी को न दें धनराशि

**बिजनौर।** परियोजना अधिकारी, जिला नगरीय विकास अभिकरण, (डूडा) ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के क्रियान्वयन के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि जिला बिजनौर में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अन्तर्गत समस्त कार्यों का सम्पादन नगर निकाय द्वारा किया जा रहा है। उक्त कार्य के लिए कोई भी संस्था नामित नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के प्रथम चरण में कार्यरत नामित संस्था क्रिएटिव कन्सयोर्टियम के किसी भी कार्मिक की कोई भी भूमिका नहीं है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 पूर्णत: नि:शुल्क है। उक्त योजना के अन्तर्गत किसी को भी किसी भी प्रकार का कोई शुल्क न दिया जाए। उन्होंने आमजन का आह्वान किया कि यदि कोई व्यक्ति प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत किसी भी प्रकार की धनराशि की मांग करता है, तो तत्काल इसकी सूचना सम्बन्धित नगर निकाय कार्यालय में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

### पैजनिया में विराट हिन्दू सम्मेलन

**हल्दौर।** गांव पैजनिया में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में धर्माचार्य महामंडलेश्वर महाराज प्रबोद्धानंद महाराज ने समाज की एकता और नैतिक मूल्यों की मजबूती पर विशेष बल दिया। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों को जड़ से समाप्त करने का आह्वान करते हुए कहा कि सकारात्मक सोच, संस्कार और आपसी सहयोग से ही समाज को नई दिशा दी जा सकती है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए महाराज प्रबोद्धानंद ने कहा कि वर्तमान समय में समाज अनेक प्रकार की चुनौतियों का सामना कर रहा है। इन चुनौतियों का समाधान केवल आपसी भाईचारे, सद्भाव और नैतिक मूल्यों को अपनाकर ही संभव है। उन्होंने सभी वर्गों से जाति, वर्ग और भेदभाव से ऊपर उठकर समाजहित में एकजुट होने की अपील की। महाराज ने विशेष रूप से युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे नशा, हिंसा और सामाजिक कुरीतियों से दूर रहकर राष्ट्र और समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति यदि सही दिशा में आगे बढ़े, तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन सुनिश्चित किया जा सकता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रांत कार्यवाहिक सुकुंज बाला जी, विभाग बौद्धिक संजय वर्मा, विराट हिन्दू सम्मेलन अध्यक्ष परवेंद्र सिंह काके, मितुल त्यागी, धर्मेंद्र सैनी, निशांत त्यागी, विशाल शर्मा, हरिश्चंद्र आदि मौजूद रहे। संचालन सतेंद्र त्यागी ने किया।

# 50 दुकानदारों व भवन स्वामियों को नोटिस

## नोटिस से दुकानदारों में चिंता, रेलवे ओवरब्रिज से मिलेगी जाम से मुक्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** शहर की वर्षों पुरानी सबसे बड़ी समस्या रेलवे फाटक पर लगने वाले भीषण जाम से अब जल्द निजात मिलने की उम्मीद जगी है। राज्य मार्ग संख्या 147 पर प्रस्तावित रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण को प्रशासनिक मंजूरी मिल चुकी है और निर्माण कार्य की जिम्मेदारी बताई जा रही है कि दिल्ली की प्रतिष्ठित कंपनी प्रगति कंस्ट्रक्शन को सौंपी गई है।

कंपनी ने 18 माह के भीतर ओवरब्रिज निर्माण पूरा करने का आश्वासन दिया है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना को लेकर लोक निर्माण विभाग और तहसील प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। ओवरब्रिज निर्माण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए रेलवे फाटक के दोनों ओर स्थित करीब 50 दुकानदारों एवं भवन स्वामियों को अतिक्रमण हटाने के प्रभावित लोगों को स्पष्ट रूप से बताया जा रहा है कि सात दिनों के भीतर अपने-अपने भवनों और दुकानों का निर्माण स्वयं हटाना होगा। प्रशासन ने यह भी साफ किया है कि निर्धारित समयसीमा समाप्त होने के बाद यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो नियमों के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। नोटिस मिलने के बाद क्षेत्र के दुकानदारों और भवन स्वामियों में गहरी चिंता का माहौल है। प्रभावित लोगों का कहना है कि दुकानें और भवन टूटने से उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। कई परिवारों की आजीविका पूरी तरह इन्हीं दुकानों पर निर्भर है। ऐसे में भविष्य को लेकर अनिश्चितता और डर बना हुआ है। लोग प्रशासन से पुनर्वास वैकल्पिक व्यवस्था और मुआवजे जैसी मांगों को लेकर चर्चा भी कर रहे हैं।हालांकि दूसरी ओर शहरवासियों को यह भी विश्वास है कि ओवरब्रिज बन जाने के बाद स्योहारा को एक नई पहचान मिलेगी। रेलवे फाटक पर लगने वाले लंबे जाम से रोजाना हजारों राहगीरों वाहन चालकों, व्यापारियों, मरीजों और छात्रों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती है। ओवरब्रिज बनने से न सिर्फ यातायात सुगम होगा, बल्कि समय ईंधन और संसाधनों की भी बचत होगी।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि भले ही फिलहाल कुछ लोगों को कठिनाइयों और नुकसान का सामना करना पड़े, लेकिन दीर्घकाल में यह परियोजना शहर के समग्र विकास के लिए नींव का पत्थर साबित होगी। व्यापार को नई गति मिलेगी, आवागमन आसान होगा और स्योहारा एक आधुनिक व व्यवस्थित नगर के रूप में उभरेगा। प्रशासनिक स्तर पर अभियान तेज कर दिया गया है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना जताई जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि यह परियोजना केवल एक पुल नहीं बल्कि स्योहारा के भविष्य की नींव है।

कुल मिलाकर एक ओर जहां नोटिस से प्रभावित परिवारों में चिंता और असमंजस का माहौल है। वहीं दूसरी ओर पूरे शहर को रेलवे ओवरब्रिज से राहत की सांस लेने की उम्मीद है। लोग इसे विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम मान रहे हैं जो आने वाले वर्षों में स्योहारा की तस्वीर और तकदीर दोनों बदल देगा।

# प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर हंगामा

## वार्ड सभासद ने लगाए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर पालिका प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। वार्ड नंबर चार की सभासद सुभद्रा देवी ने पालिका अधिकारियों पर योजना में धांधली करने के गंभीर आरोप लगाए हैं और पहली किश्त के लाभार्थियों की सूची सार्वजनिक करने की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पालिका के वार्ड नंबर चार से सभासद सुभद्रा देवी पत्नी मास्टर विजयपाल ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के तहत अपात्र लोगों को लाभ दिया गया है जबकि वास्तविक जरूरतमंद और कच्चे मकानों में रहने वाले लोगों के नाम सूची में नहीं आये हैं। सभासद सुभद्रा देवी का कहना है कि जिन लोगों के पास पहले से पक्के मकान और वाहन मौजूद हैं, उन्हें योजना का लाभ दे दिया गया जबकि पात्र लाभार्थियों को नजरअंदाज किया गया। उन्होंने कहा कि यदि पहली किश्त के लाभार्थियों की सूची समय रहते नगर पालिका परिसर में चस्पा की जाती तो लोग आपत्ति दर्ज करा सकते थे, लेकिन सूची सार्वजनिक न होने से अब कई अपात्र लाभार्थियों के नाम सामने आ रहे हैं। सभासद ने मांग की कि जिन लाभार्थियों के खातों में प्रधानमंत्री आवास योजना की धनराशि पहुंच चुकी है, उनके नाम नगर पालिका के सूचना बोर्ड पर लिखे जाएं ताकि आम नागरिक स्वयं जाकर सूची का सत्यापन कर सकें। वहीं वार्ड चार की सभासद सुभद्रा देवी के पति मास्टर विजयपाल ने अपने ऊपर लगे रिश्वत के आरोपों को सिरे से खारिज किया है। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले कुछ महिलाओं द्वारा उन पर पंद्रह हजार रिश्वत लेने का झूठा आरोप लगाया गया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि न तो उन्होंने किसी से कोई रिश्वत ली है और न ही किसी प्रकार की कोई मांग की गई है। यह आरोप पूरी तरह निराधार और बदनामी के उद्देश्य से लगाए गए हैं। सभासद सुभद्रा देवी ने यह भी आरोप लगाया कि नगर पालि. का कर्मचारी वार्ड सभासदों को जानकारी में लिए बिना सीधे लाभार्थियों से संपर्क कर रहे हैं, जिससे पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो रहे हैं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कई पात्र लोग अब भी योजना के लाभ से वंचित हैं और अपनी शिकायतें लगातार वार्ड सभासद से कर रहे हैं। इसके अलावा सभासद ने नगर पालिका में तैनात कुछ कर्मचारियों पर भी आरोप लगाया कि जिन लोगों की नियुक्ति सफाई कर्मियों के पद पर की गई थी, उनसे अन्य कार्य कराए जा रहे हैं जो नियमों के खिलाफ है। सभासद ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं इस संबंध में अधिशासी अधिकारी विजेंद्र सिंह पाल का कहना है कि प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना की जांच नगर पालिका कर्मचारी एवं तहसील कर्मचारियों द्वारा साथ मिलकर की गई है और सभी लाभार्थियों को ही उसका लाभ दिया गया है। यदि उसके बाद भी किसी को शिकायत है तो वह नगर पालिका में आकर शिकायत दर्ज कराएं। उनकी शिकायत पर जांच कराई जाएगी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत अथाई, विकासखण्ड जलीलपुर, बिजनौर**

पत्रांक-मीमो / पंचायत/मनरेगा/2025-2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

कार्यक्रम अधिकारी महोदय जलीलपुर के आदेशों के अनुपालन में ग्राम पंचायत अथाई में मनरेगा/ राज्यवित्त / केन्द्रवित्त योजना की धनराशि से ग्राम अथाई में मेन रोड से नरेश के घर तक सीसी निर्माण कार्य कराए जाने में प्रयुक्त होने वाली सामग्री टाईल्स, बालूरेत, ईंट, सीमेंट, कोरसैन्ड, सरिया, रोड़ी, डस्ट आदि की आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2025-2026 में कार्यस्थल पर करने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों से निविदाएं दिनांक 3/02/2026 तक समय पूर्वाह्न 1 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सायं 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जाएंगी। निविदादाता का व्यापार कर / आयकर में पंजीकरण होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क देकर दिनांक 2/02/2026 तक प्राप्त किये जा सकतें हैं। सम्बंधित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। निविदा की शर्तों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में पंचायत कार्यालय से की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत सचिव**



**आवश्यक सूचना**

जिनसे भी सम्बंधित हो, सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस, बिजनौर निर्देश पर नोटिस दिया जाता है ऋणी महताब पुत्र छोटे खान निवासी राजपुर परसु, पोस्ट गंधौर, चांदपुर, बिजनौर ने अपनी एक संपत्ति स्थित खसरा नं. 28 कुतुबपुर गांवड़ी, बस्ता चांदपुर, बिजनौर को बंधक रख ऋण प्राप्त हेतु आवेदन किया है। उक्त सम्पत्ति पूर्व का विक्रय पत्र जोकि रिंकू के पक्ष में निष्पादित किया था, जो कि रजिस्ट्रार चांदपुर के कार्यालय में बही नं. 01, जिल्द न. 12155 पेज न. 297 से 310, क्रमांक 889 दिनांकित 15.01.2024 पर पंजीकृत है। उक्त संपत्ति अब रिंकू द्वारा महताब के पक्ष में विक्रय की जायेगी। यदि किसी को कोई आपत्ति या एतराज है, तो वो इस विज्ञापन के प्रकाशन से 7 दिन के अन्दर-अन्दर मुझे अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा उक्त संपत्ति के विक्रय और बंधक के संबंध में आपत्ति प्राप्त न होने पर कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस, बिजनौर उक्त संपत्ति को बंधक रख कर ऋणी के हक में ऋण जारी कर देगी।

**कपिल गुप्ता अधिवक्ता ( रजि.सं. 1716/2006 )**
**विधिक सलाहकार-पिरामल कैपिटल एंड हाउसिंग फाइनेंस, बिजनौर**
**मोब.नं.- 9837115242**

# गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई

गणतंत्र दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई
चौधरी गजेंद्र सिंह टिकैत
ब्लॉक अध्यक्ष- भारतीय किसान यूनियन
ग्राम जटनंगला, स्योहारा



गणतंत्र दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई
आलोक अग्रवाल-भाजपा नेता
एम.एम. पब्लिक स्कूल के संस्थापक
अध्यक्ष पद के भावी दावेदार, स्योहारा



गणतंत्र दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई



डॉ. रोहित सिंह
नवादा चुंगी, मौहल्ला मिल्कियान
स्योहारा, जनपद-बिजनौर

गणतंत्र दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई



इफ्तेखार चौधरी
नेता- आजाद समाज पार्टी
मौहल्ला शेखान, स्योहारा

गणतंत्र दिवस की सभी को
मुबारकबाद
एम.क्यू. गर्ल्स इंटर कॉलेज
जकी उर रहमान
कॉलेज संस्थापक
जुमेरात का बाजार, स्योहारा

गणतंत्र दिवस की नागरिकों, विद्यार्थियों एवं स्टाफ को
मुबारकबाद
नय्यर चौधरी
प्रबंधक- स्योहारा डिग्री कॉलेज
नूरपुर रोड, ग्राम कुरी बांगर, स्योहारा

गणतंत्र दिवस की नागरिकों को
हार्दिक बधाई





मा. विजय पाल सिंह
हेड टीचर
ग्राम अनीशा नंगली, स्योहारा

समुद्र रानी
सभासद वार्ड नं. 4
नगर पालिका, स्योहारा

गणतंत्र दिवस की सभी को
बधाई



विनोद तोमर
भाजपा सभासद, वार्ड 24
नगर पालिका परिषद, स्योहारा

गणतंत्र दिवस की सभी को
दिली मुबारकबाद





डॉ. जुनेद जैदी
डॉ. शीबा जैदी
जैदी क्लीनिक
मौहल्ला मिल्कियान, स्योहारा

गणतंत्र दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई
तेज इंडियन सेवा
गैस एजेंसी
रैनी रोड, स्योहारा

गणतंत्र दिवस की उपभोक्ताओं को
हार्दिक शुभकामनाएं
एम एस गैस एजेंसी
स्योहारा, जनपद-बिजनौर

गणतंत्र दिवस की सभी को
बधाई



श्वेत रस्तौगी
भाजपा सभासद
मौहल्ला हिंदू चौधरियान
वार्ड नंबर 19, स्योहारा

गणतंत्र दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई



मौहम्मद यामीन
प्रधान
ग्राम मंडोरी, पोस्ट स्योहारा

गणतंत्र दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई



शहजाद अली
ग्राम प्रधान अलादीनपुर, स्योहारा
समाजसेवा के कार्य में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाले

गणतंत्र दिवस की सभी को
दिली मुबारकबाद






चौधरी फहीम उर रहमान
पूर्व नगर अध्यक्ष कांग्रेस
कुरी हाउस, स्योहारा


वली उर रहमान
युवा कांग्रेस नेता
चौधरी मोटर्स शोरूम

गणतंत्र दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई



मुकेश रस्तौगी
वरिष्ठ भाजपा नेता
जिलाध्यक्ष-उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल, स्योहारा

गणतंत्र दिवस की सभी को
दिली मुबारकबाद





डॉ. मौ. आलम अंसारी
वरिष्ठ समाजसेवी

शुऐब अहमद अंसारी
युवा समाजसेवी

प्रधान पद के भावी उम्मीदवार-ग्राम अलादीनपुर, स्योहारा

गणतंत्र दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई



आर.एस.पी. इंटर कॉलेज
श्रीमती मधुबाला शर्मा
प्रधानाचार्य
स्योहारा, जनपद-बिजनौर

गणतंत्र दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई




नासिर चौधरी
पूर्व प्रदेश महासचिव- अल्पसंख्यक मोर्चा कांग्रेस
प्रोपराईटर- चौधरी ऑटो टीवीएस शोरूम
पता:- कुरी हाउस, स्योहारा

गणतंत्र दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई



मौ. कासिम अंसारी
ग्राम प्रधान
चकमहदूद सानी, स्योहारा

गणतंत्र दिवस की सभी को
दिली मुबारकबाद





वकील अहमद
प्रबंधक

मंसूर इशरत सिद्दीकी
प्रधानाचार्य

एम.क्यू. इंटर कॉलेज, स्योहारा

गणतंत्र दिवस की सभी को
दिली मुबारकबाद





मौ. अकरम अंसारी
भाजपा नेता

मौ. अदनान अंसारी
इंडियन बेकरी

इकबाल नगर, स्योहारा

# कक्षा आठ की छात्रा से कराया पुलिस चौकी का शुभारम्भ

○ डीएम-एसपी ने फीता कटवाकर कराया उद्घाटन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** कानून व्यवस्था और सुदृढ़ बनाने के लिए थाना चौकियों के निर्माण के तहत एक ओर नवनिर्मित पुलिस चौकी का जिलाधिकारी और एसपी ने कक्षा आठ की छात्रा से फीता कटवाकर शुभारम्भ कराया।

कैला देवी थाना क्षेत्र के खिरनी स्थित पुलिस चौकी का कार्य निजी भवन में चल रहा था। रविवार को जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया तथा एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई और सम्भल एएसपी आलोक भाटी द्वारा नवनिर्मित पुलिस चौकी का शुभारंभ आर.एस. आदर्श हायर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 8 की छात्रा ज्योति यादव पुत्री ओमकार यादव के हाथों द्वारा कराया गया। जहां हवन पूजन भी किया गया। खिरनी पुलिस चौकी को अपना नया भवन मिल गया। शुभारंभ के बाद नजदीक में ही सरकारी स्कूल का निरीक्षण करने के दौरान इसकी चाहरदीवारी को लेकर ग्राम प्रधान से कहा गया तथा गंगा एक्सप्रेसवे के कर्मचारियों से विद्यालय से हाईवे तक बेहतर मार्ग करने के लिए कहा गया, जिससे कि स्कूली बच्चों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। शुभारंभ के दौरान सम्भल कोतवाली इंस्पेक्टर, थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा, खिरनी चौकी प्रभारी रामकुमार आदि उपस्थित रहे।



सम्भल- कैलादेवी थाने की खिरनी पुलिस चौकी का छात्रा से फीता कटवाते डीएम व एसपी।

# लोकतंत्र के निर्माण में मतदान की अहम भूमिका

○ छात्र-छात्राओं ने रैली निकालकर मतदाताओं को किया जागरूक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर छात्र-छात्राओं को मतदान करने की उपजिलाधिकारी ने शपथ दिलायी।

एमजीएम पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी रामानुज सिंह ने कहा कि कहा कि मतदान प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। हमें अपने मताधिकार का प्रयोग सोच समझ कर करना चाहिए। स्वस्थ लोकतंत्र के निर्माण में मतदान की अहम भूमिका होती है। नायब तहसीलदार दीपक कुमार चौधरी ने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके समस्त युवा नागरिकों को अपना मतदाता पहचान पत्र अवश्य बनवाना चाहिए। एस आई आर की प्रक्रिया के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि बी एल ओ के माध्यम से अपना फार्म 06 भर कर अवश्य जमा कर दें। महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को स्क्रीन के माध्यम से भी फार्म 6 भरने की प्रक्रिया बताई गई। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर डा. योगेंद्र सिंह ने कहा कि मतदान हमारे राष्ट्र के निर्माण के लिए परम आवश्यक है प्रत्येक नागरिक को बिना किसी प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। तभी हमारा देश एक मजबूत लोकतंत्र बन सकेगा। कार्यक्रम के उपरांत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा एक जागरूकता रैली भी निकाली गई। रैली एमजीएम कॉलेज से शुरू होकर उप जिलाधिकारी कार्यालय पर समाप्त हुई। रैली का नेतृत्व उप जिलाधिकारी, प्राचार्य प्रो डा. योगेंद्र सिंह,नायब तहसीलदार ने किया। रैली का संयोजन प्रोफेसर डा. आबिद हुसैन एवं डा. फहीम अहमद ने किया। डा. रियाज अनवर, डा. नेमपाल सिंह,डा. मोहम्मद नदीम , डा. प्रकाश नारायण ,डा. धीरेंद्र सिंह, डा. निलेश कुमार ,दुष्यंत मिश्रा, डा. संजय बाबू दुबे, डा. आनंद सिंह, डा. मोहम्मद अहमद, डा. वी एल शर्मा, अजय कुमार यादव,पंकज पाठक ,कार्तिकेय सांख्यधर आदि शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा।

## चन्द्रभान को मिला प्रमाणपत्र

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** निर्विरोध चुनाव में विजयी होने पर निर्वाचन अधिकारी से उ. प्र. सह.ग्राम विकास बैंक लिमिटेड गुन्नौर के निर्वाचित शाखा प्रतिनिधि का प्रमाण पत्र चंद्रभान सिंह को सौंपा गया। इस दौरान कैलाश यादव आदि मौजूद रहे।

# सहालग से पूर्व सोने-चाँदी के दाम चरम पर

○ असम आदमी के उडे होश

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** नए साल में सर्राफा बाजार में आई तेजी ने आम आदमी के होश उड़ा दिए हैं। 4 फरवरी से शुरू हो रहे सहालग से ठीक पहले सोने और चांदी की कीमतों ने ऐतिहासिक रिकार्ड तोड़ दिया है। इससे शादी वाले घरों का बजट बिगड़ गया है।

नगर के सर्राफा बाजार में आज चांदी 3.27 लाख रुपये प्रति किलो और सोना 1.63 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंच गया है। बढ़ती महंगाई ने शादियों वाले घरों का बजट बिगाड़ दिया है। मात्र एक महीने के अंतराल में कीमतों में आई उछाल चौंकाने वाली है। सर्राफा बाजार के आंकड़ों पर नजर डालें तो 21 दिसंबर 2025 को चांदी 2.08 लाख रुपये प्रति किलो थी, जो 24 जनवरी 2026 तक बढ़कर 3.27 लाख रुपये हो गई। इसी तरह इसी तरह सोना 1.35 लाख से बढ़कर 1.63 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार वैश्विक अस्थिरता के कारण दुनिया भर के बैंक अपनी करेंसी का बैकअप गोल्ड में कर रहे हैं। साथ ही, इलेक्ट्रिक व्हीकल्स (ईवी) और कंप्यूटिंग चिप्स में इन धातुओं की बढ़ती मांग ने भी कीमतों में आग लगा दी है। बढ़ती महंगाई ने शादियों वाले घरों का बजट बिगाड़ दिया है। लोग अब पुराने गहने बदलकर या वजन कम कराकर अपनी जरूरतें पूरी करने को मजबूर हैं। लोगों का कहना है शादी पर काम तो चलाना ही पड़ेगा। वही सोने चांदी के भाव की रोज उथल-पुथल से नगर के सर्राफ भी आशंकित रहते हैं। सर्राफों का कहना है कि सोने चांदी की कीमतें बढ़ने से बाजार से ग्राहक गायब है, शादियों वाले घर से लोग आते तो है लेकिन बदला सट्टी को।



सम्भल। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जागरूकता रैली निकालते एमजीएम पीजी कॉलेज के छात्र।

# बसंत हमें आगे बढ़ने और पराक्रम करने की देता है प्रेरणा

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** अंतर्राष्ट्रीय साहित्य कला संगम के तत्वावधान में बसंतोत्सव एवं निराला जयंती पर कार्यक्र का आयोजन किया गया।

मौहल्ला ठेर स्थित आर्य समाज मंदिर स्थापना में आयोजित हुआ कार्यक्रम का शुभारम्भ शिव शंकर शर्मा, विशिष्ट अतिथि प्रधान आर्य समाज सुशील कुमार भगत जी, प्रायोजक संजय कुमार गुप्ता, संस्था अधयक्ष डा. विजय लक्ष्मी शर्मा, संयोजक महामंत्री श्रीमती पूनम शुक्ला द्वारा सामूहिक सरस्वती पूजन, दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम में अतिथि कुमारी पंखुरी पाठक ने महाकवि निराला द्वारा रचित सरस्वती वंदना वर दे वीणा वादिनी वर दे पर मनमोहक भरतनाटयम नृत्य प्रस्तुत किया। जबकि पूजा शर्मा ने गौ सेवा की प्रक्रिया पूर्ण की। डा. विजयलक्ष्मी शर्मा ने भारत वंदना प्रस्तुत की। इस दौरान संजय कुमार गुप्ता द्वारा लिखित पुस्तक व्यायाम से विश्राम तक का लोकार्पण किया गया। डा. डी एन शर्मा ने कहा कि गीता में भगवान कृष्ण ने श्रृतुओं में स्वयं को बसंत श्रृतु कहा है यही कारण है कि छह श्रृतुओं में बसंत का स्थान सर्वोपरि है। बसंत हमें आगे बढ़ने और पराक्रम करने की प्रेरणा देता है उन्होंने निराला की प्रसिद्व कविता राम शक्ति पूजा भी पढ़ कर सुनाई। मुख्य समारोह अध्यक्ष प्रधानाचार्य शिव शंकर शर्मा ने कहा कि बसंत में सरस्वती पूजन हमारी प्राचीन प्रथा का अंग है। विशिष्ट अतिथि सुशील कुमार भगत जी ने अंतर्राष्ट्रीय साहित्य कला संगम द्वारा बसंत पंचमी उत्सव मनाए जाने को प्रशंसनीय प्रयास बताया। राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी डा. राहुल उठवाल ने महाकाव्य कवि निराला की भिक्षुक नामक कविता सुनाकर सभी को भाव विभोर कर दिया। पूनम शुक्ला ने हे भीष्म पितामह हे गुरु द्रोण हे मां कुंती के लाल सुनो कविता गाकर सुनाई श्रीमती अंजलि यादव ने मुझे गीत गाने तो दो सुनाकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस अवसर पर सरस्वती वंदना गायन प्रतियोगिता में बाल विद्या मंदिर के प्रतिभागियों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर समारोह के प्रायोजक संजय कुमार गुप्ता कमांडर से उपहार तथा अंतर्राष्ट्रीय साहित्य कला संगम द्वारा प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्राप्त किये स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान पाने वालों को भी संस्था द्वारा प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। डा. विजयलक्ष्मी शर्मा ने निराला जी की प्रसिद्व कविता सखी बसंत आया, भरा हर्ष वन के मन, नवोत्कर्ष छाया, सखी बसंत आया सुना कर श्रोताओं को झूमने के लिए बाध्य कर दिया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों से शिक्षक शिक्षकाएं के अलावा संजय कुमार अग्रवाल, सुभाष चंद्र शर्मा, मनीष गुप्ता, श्वेता गुप्ता, निशि चाहल, रवि कांत शर्मा, संतोष शर्मा, रेखा गुप्ता, प्रधानाचार्य नवल कुमार गुप्ता, चौधरी योग्य आदि मौजूद रहे।




सम्भल- अंतर्राष्ट्रीय साहित्य कला संगम के बसंतोत्सव पर पुस्तक काविमोचन करते।

# भाजपा छीनना चाहती है मनरेगा गरीबों का सवैधानिक अधिकार

○मुख्य विकास अधिकारी ने भ्रमण कर किया अवलोकन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आहवान पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मनरेगा बचाओ अभियान के तहत ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।

चंदौसी विधानसभा के ग्राम चिंतन पुर एवं मुलहेटा में आयोजित चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीण मजदूर, महिलाएं एवं युवा शामिल हुए। चौपाल में मनरेगा योजना के महत्व पर चर्चा की गई और केंद्र सरकार द्वारा इसे कमजोर करने के प्रयासों की कड़ी निंदा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हाजी आरिफ तुर्की ने बताया कि मनरेगा गरीबों का संवैधानिक अधिकार है, जिसे छीनना अस्वीकार्य है। मोदी सरकार ने मनरेगा नाम ही नहीं बदला बल्कि इसका स्वरूप ही बदल दिया है।हम गांव-गांव जाकर इस अभियान को मजबूती के साथ उन मजदूरों, गरीबों, दलितों, आदिवासी, भूमिहीन, वर्ग लिए है जो मनरेगा से अपना घर परिवार चलते हैं उनकी आवाज सड़क से लेकर संसद तक कांग्रेस पार्टी उठाने का काम करेगी। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष शिव किशोर गौतम जिला कॉर्डिनेटर विजय शर्मा महिला जिला अध्यक्ष कल्पना सिंह ब्लाक अध्यक्ष आसिफ अल्वी मुशीर खान तरीन संजीव कुमार साहू डीके वाल्मीकि मुनीश जोशी, रियाज मालिक सुनील कुमार शर्मा पवन कठेरिया कोस्तुभ रस्तोगी वीकेश चौधरी मनोज श्रीवास्तव यासीन अल्वी बब्बू खान महताब आलम आदि मौजूद रहे।



सम्भल। कांग्रेस की मनरेगा को लेकर बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष हाजी आरिफ।

## स्वीकृत छात्रवृत्ति के प्रमाण पत्र पाकर खिल उठे चेहरे

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** नगर के शांतिदेवी कन्या इंटर कॉलेज में 25 जनवरी को सायं 4:30 बजे विद्यालय में शासन द्वारा स्वीकृत छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र बच्चों को वितरित किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य सोमेश पाठक ने सभी इन छात्रें को स्वीकृत छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र वितरित किए।जिनमे अनुसूचित जाति मोनिका कक्षा 10 रीनू कक्षा 10 सामान्य वर्ग की दीक्षा कक्षा 12अनुसूचित वर्ग की सृष्टि कक्षा 11 और पिछड़ा वर्ग की खुशबू कक्षा 11 हेमलता कक्षा 10 हिमानी कक्षा 10 काजल कक्षा 10 कुसुम कक्षा 10 निशा कक्षा 10 प्रवेश कक्षा 10 शिखा यादव कक्षा 10 को छात्रवृत्ति प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं सभी अध्यापिकाएं एवं अन्य छात्राएं भी मौजूद थी।

## रंग बिरंगी लाइटों से सजी सरकारी इमारतें

**सम्भल।** नगर में गणतंत्र दिवस समारोह पूर्वक हर्षोल्लास के साथ मनाने की तैयारियां पूरी कर ली गई है। एक दिन पूर्व सरकारी इमारतों को रंग बिरंगी लाईटों से जगमग कर दिया गया। जबकि दुल्हन की तरह सजी बिल्डिगों के साथ चौराहे आदि भी तिरंगा लाईटे अपनी छटा बखेर रही हैं।

# अकीदत के साथ मना उर्से मुफ्ती मोईनुददीन अशरफी

○मुल्क व शहर में अमन की दुआ को उठे सैकड़ों हाथ

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** अपने समय के प्रसिद्व आलीमेदीन हजरत मुफ्ती मौलाना मोईनुद्दीन अशरफी (र. अ.) का परम्परागत उर्स अकीदत के साथ मनाया गया। उर्स कार्यक्रम में मुल्क और शहर मे अमन शांति तथा दुआ के लिए एक साथ सैकड़ों हाथ उठे। उलेमा इकराम ने मुफ्ती साहब की दीनी खिदमात पर रौशनी डाली।

रविवार को क्षेत्र के अल्लनपुरा फतेहउल्ला सराय स्थित दरगाह पर आलीमेदीन हजरत मौलाना मुफ्ती मौहम्मद सूफी मोईनुद्दीन अशरफी रहमतुल्ला अलेह के सालाना उर्स पर कार्यक्रम का आयोजनल किया गया। उर्स कार्यक्रम में तिलावते मुकददस किताब के साथ कुल शरीफ, चादर पोशी तथा सलातो सलाम के साथ उर्स का समापन करते हुए अकीदतमन्दों मे तर्बरूक का वितरण किया गया। मुल्क व शहर मे अमन शांति तथा एकता अखण्डता के लिए दुआ कराई गई। सदारत मौलाना बहाउद्दीन व संचालन मौलाना खुर्शीद ने किया। जिसमें मौलाना कयाम उद्दीन, कारी अकबर अली, कारी अतीक, मौलाना अलीम, मौलाना शौकत हुसैन, सैयद वाकिफ मियां, मौलाना निजाम उद्दीन, मौलाना शेहुद्दीन आदि लोग उपस्थित रहे।



सम्भल- मुफ्ती मोईनुददीन अशरफ के उर्स कार्यक्रम में बोलते उलेमा।

# विकसित भारत दिवस के तीसरे दिन उत्पाद क्रय करने को किया प्रेरित

○मुख्य विकास अधिकारी ने भ्रमण कर किया अवलोकन

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** विकसित उत्तर प्रदेश विकसित भारत की थीम पर आयोजित तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश दिवस कार्यक्रम के दूसरे दिन लोगों को उत्पादों को क्रय करने के लिए प्रेरित किया।

बहजोई रोडवेज स्थित दिवस पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट द्वारा कार्यक्रम के अन्तर्गत चल रहे जनपद सरस मेला का भ्रमण कर अवलोकन किया। जबकि स्वयं सहायता समूहों की दीदियों द्वारा लगाये गये गोमय उत्पादों, मसालों, अचार तथा अन्य उत्पादों को देखा एवं उत्पादों का क्रय भी किया ओर अन्य लोगों को भी क्रय करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर लगाये गये सरस मेला में ज्यादा से ज्यादा लोग आयें तथा विभिन्न विभागों के अन्तर्गत लगाये गये स्टालों से ज्यादा से ज्यादा जानकारी प्राप्त करें तथा स्वयं सहायता समूहों की दीदियों द्वारा लगाये गये स्टालों से उत्पादों की खरीदारी भी करें ताकि स्वयं सहायता समूहों की दीदियों का मनोबल बढे तथा आर्थिक रूप से भी सशक्त हो सकें। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राम आशीष, कृषि उप निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी रत्नेश कुमार उपस्थित रहे।



सम्भल- विकसित भारत विकसित उत्तर प्रदेश के दूसरे दिन सम्बोधन करते।

## एक नज़र इधर भी



बबराला-जनआरोग्य मेले में रोगियों की प्रतीका करते चिकित्क व चिकित्सीय स्टाफ

### जन आरोग्य मेले में 124 को दवा का वितरण

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )। सम्भल।** नगर के महिला चिकित्सालय में जन आरोग्य मेले में 124 मरीजों को देखकर दवा का वितरण किया गया। डा. विनय गंगवार ने अस्पताल में जन आरोग्य मेले आए मरीजों की जांच कर दवा का वितरण किया। जिसमें शुगर, दर्द, खुजली, खांसी जुखाम, बुखार के मरीज आये। शुगर के मरीजों की जांच कर दवा दी गई। उन्होंने बताया कि अस्पताल में 124 मरीज आये। उनको देखकर व जांच कराकर दवा का वितरण किया गया। इस दौरान फार्मेसिस्ट लक्ष्मीकांत शर्मा, विशेष कुमार, नन्दकिशोर, रामबाबू आदि मौजूद रहे।

### बंदरों ने दो को किया लहूलुहान

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** बंदर लोगों में आतंक का पर्याय बन गए हैं। वह लोगों को काटकर घायल कर रहे हैं। लेकिन इनको पकड़ने की व्यवस्था करने वाले मूकदर्शक बने बैठे हैं। जिसकी वजह से बंदर किसी को भी काट कर घायल कर रहे हैं। धूप में सूख रहे कपड़ों को फाड़ देते हैं। लोग इससे परेशान हैं। बंदर ने बंटी पुत्र राम सिंह निवासी सिंहदलनपुर थाना बबराला को काटकर घायल कर दिया। जबकि बबराला स्टेशन पर ट्रेन से बिलारी को जा रहीं सनम पत्नी नाजिम निवासी अनूपशहर जिला बुलन्दशहर को बंदर ने काट कर घायल कर दिया। इनको सरकारी अस्पताल बबराला में इंजेक्शन लगाया गया।

### बीमा कम्पनियों ने खुशी में दी स्कूटी

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** करोड़ों के बीमे की फर्जीवाड़े का खुलासा कर अपराधियों को जेल की सलाखों में पीछे पहुंचाकर बीमा कम्पनियों ने पुलिस के कार्य से खुश होकर 15 थानों की महिला पुलिस कर्मियों को बच्चों की देखभाल को कक्षों का निर्माण कराया जबकि 15 थानों की महिला पुलिस के लिए स्कूटी दी। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अनुकृति शर्मा ने 100 करोड़ रुपए से ज्यादा का बीमा घोटाला पकड़ा था। ये नेटवर्क 12 राज्यों में सक्रिय था। इस तरह बीमा कंपनियों के सैकड़ों करोड़ रुपए बच गए। अब बीमा कंपनियों ने संभल पुलिस के लिए कई काम किए हैं। टाटा एआईजी जनरल इंश्योरेंस ने 15 थानों में महिला पुलिसकर्मियों के बच्चों की देखभाल के लिए स्पेशल रूम बनवाए हैं। आई सी आई सी आई और इंडिया फर्स्ट बीमा कंपनी ने 15 थानों में महिला पुलिस के लिए स्कूटी दी हैं।

# संस्था ने 250 बच्चों को ट्रैफिकिंग खतरे से बचाया

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन का स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया।

प्रयत्न संस्था के कार्यालय पर आयोजित समारोह में और जेआरसी इंडिया के मजबूत सहयोग से बाल संरक्षण के क्षेत्र में मिली सफलताओं को साझा किया। संस्था के प्रभारी गौरीशंकर चौधरी ने बताया कि जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन के संस्थापक भुवन रिभू का सपना है कि हर बच्चा सुरक्षित हो और उसे अपने सपने चुनने का अधिकार हो। भुवन रिभु के उसे सपने को साकार करते हुए संस्था के प्रयासों से अब तक सम्भल सहित आसपास के जिलों में 220 बच्चों को ट्रैफिकिंग के खतरे से बचाया और हजारों बच्चों के सम्भावित बाल विवाह को जागरूकता, समझाकर तथा कानूनी मदद से रोका गया। ये बच्चे अब सुरक्षित और स्कूल जा रहे हैं एवं अपने बेहतर भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं। जेआसी के 250 से अधिक सहयोगी संस्थाओं के नेटवर्क, ट्रेनिंग, रिसोर्सेज और कानूनी सहायता ने हमारे काम को और मजबूत बनाया है। जेआरसी का हिस्सा बनना हमारे लिए गर्व की बात है यह एक राष्ट्रीय आंदोलन है जो बाल विवाह मुक्त संभल और बाल विवाह मुक्त भारत की दिशा में काम कर रहा है।जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई और जिला प्रोबेशन अधिकारी चंद्रभूषण के सहयोग से संस्था के बाल विवाह मुक्ति रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था जो लगातार जिले में लोगों को बाल विवाह के खिलाफ जागरूक कर रहा है।

# प्रदेश स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता के प्रतिभागियों का किया चयन

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जिला कुश्ती संघ के तत्वावधान में कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन कर बनारस के बनियापुर में आयोजित होने वाली कुश्ती प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने को चयनित किया गया।

रविवार को त्यागी स्पोर्ट्स स्कूल एवं माता राजकली देवी आर्या कन्या गुरुकुलम् कल्याणपुर में 17 वर्षीय बालक बालिकाओं की कुश्ती का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले सभी खिलाड़ी 7 फरवरी से 9 फरवरी तक बनारस के बनियापुर गांव में होने वाली प्रदेश स्तरीय कुश्ती में भाग लेंगे तथा अपने जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में 45 किग्रा भर वर्ग में अरविंद कुमार पुत्र चरण सिंह 48 किग्रा भर वर्ग में जुबेर मलिक पुत्र यासिन मलिक 51 किलोग्राम भर वर्ग में अखिलेश कुमार पुत्र रामवीर सिंह 55 किलोग्राम भर वर्ग में राजनेश पुत्र जगदीश यादव 60 किलोग्राम भर वर्ग में के सब सैनी पुत्र राकेश सैनी 71 किलो भर वर्ग में हरगुन ढील्लो पुत्र महावीर सिंह बालिका वर्ग में 40 किलो भर वर्ग में खिलौने 43 किलो भर वर्ग में सपना 61 किलो भर भर आयुषी सागर तथा 73 किलो भर वर्ग में तराना जहां खेलेंगे। दर्शकों ने कुश्तीयों का भरपूर आनंद लिया तथा पहलवनों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर अली वारिस महेंद्र सिंह आर्य पुष्पेंद्र त्यागी रामऔतार पुरी महाराज विजयपाल त्यागी जी अनुज कुमार यादव आदि लोगों ने कुश्ती ने भरपूर आनंद लिया तथा खिलादियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रदेश में गोल्ड मेडल जितने की शुभकामनाओं के साथ पूरी टीम को आर्शीवाद दिया। सचिव जिला कुश्ती संघ आर्य भोले सिंह त्यागी ने सभी पहलवनों तथा दर्शकों का आभार व्यक्त किया।



## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर पुलिस ने ली शपथ: निष्पक्ष और निर्भीक मतदान सुनिश्चित करने का संकल्प



**ठाकुरद्वारा।** कोतवाली में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ लेते पुलिसकर्मी।

**ठाकुरद्वारा।** ठाकुरद्वारा में 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर पुलिस अधिकारियों और पुलिस कर्मियों ने शपथ ली। यह शपथ निष्पक्ष और निर्भीक मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ली गई। कार्यक्रम रविवार को कोतवाली परिसर में आयोजित किया गया था। प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार ने पुलिस अधिकारियों और कर्मियों को शपथ दिलाई। इस शपथ के माध्यम से सभी ने स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा बनाए रखने का संकल्प लिया, जिसमें स्वयं मतदान करने और दूसरों को मतदान कराने का दायित्व भी शामिल था। इस मतदाता शपथ ग्रहण कार्यक्रम में निरीक्षक अपराध विनोद कुमार, वरिष्ठ उपनिरीक्षक बृजेंद्र सिंह, उप निरीक्षक तेजपाल सिंह, कस्वा इंचार्ज ओमपाल सिंह, उपनिरीक्षक किरन्त पवार, उपनिरीक्षक बलराम दीक्षित, उप निरीक्षक विजय देशवाल, उप निरीक्षक रजत सिंह, हेड कांस्टेबल रनवीर सिंह, हेड कांस्टेबल साजिद अहमद, कांस्टेबल परविंदर राणा, कांस्टुबेबल सनी कुमार, महिला हेड कांस्टेबल पूनम कांबोज, रानी गंगवार और कांस्टेबल हिना शर्मा सहित कई अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# सारे काम काज छोड़, सबसे पहले वोट दो, छात्र छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर उपजिला अधिकारी प्रीति सिंह के नेतृत्व में विविध विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाल. कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। रैली का उद्देश्य अधिक से अधिक मतदाताओं को अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित करना रहा। रैली की शुरुआत बीआरसी कार्यालय ठाकुरद्वारा परिसर से हुई, जो तहसील मुख्यालय से होते हुए कोतवाली रोड ,बुध बाजार , शगुन तिराहा, कमालपुरी रोड , मुसिफ कोर्ट रोड, हनुमान मंदिर रोड से होते हुए प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए पुन: बीआरसी कार्यालय मे पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा झंडा एवं जागरूकता संदेश लिखी तख्तियां लेकर "सारे काम छोड़ काज छोड , सबसे पहले वोट दो", "लोकतंत्र की है यही पुकार, पहले करें मतदान अधिकार" जैसे नारे लगाए। छात्रों ने आमजन को यह संदेश दिया कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य भी है। उन्होंने कहा कि चाहे युवा हों या बुजुर्ग, सभी को मतदान अवश्य करना चाहिए ताकि देश के विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। विद्यालय के शिक्षकों की देखरेख में निकाली गई इस रैली के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाताओं को जागरूक किया गया और सभी से अपने वोट का प्रयोग करने की अपील की गई। रैली के दौरान शिक्षकगण एवं विद्यालय स्टाफ का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता अभियानों से लोकतंत्र को मजबूती मिलती है। कार्यक्रम में तहसीलदार प्रवीन कुमार, नया तहसीलदार तहसील के कर्मचारी शिक्षकों ने भाग लिया।



**ठाकुरद्वारा। मतदाता जागरूकता रैली निकालते अधिकारी व स्कूलों के छात्र-छात्राएं।**

## जुआ खेल रहे दो लोगों को किया पुलिस ने गिरफ्तार

**कांठ( शाह टाइम्स )** गन्ने के खेत में जुआ खेल रहे पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की है पुलिस गस्त पर थी तभी किसी व्यक्ति ने कुछ लोगों के रामचरन के गन्ने के खेत में जुआ खेलने की जानकारी दी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। बताया गया की उक्त लोग जमीन पर बैठकर अखबार बिछाकर तास के पत्तों से हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे थे। पकड़े गए लोगों ने अपना नाम कफिल पुत्र अब्दुल्ल लईक निवासी उमरी कला और लोकेंद्र सिंह पुत्र छतर सिंह निवासी मोहल्ला घोसीपुरा बताया पुलिस ने उनके पास से ताश की गड्डी एवं नगद रुपए बरामद करते हुए संबंधित धारा में कार्रवाई की है।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर मेरा युवा भारत के युवाओं ने निकाली रैली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन स्थित प्रतिष्ठित गांधी मैदान में किया गया।

जैसा कि हम जानते हैं आज सोलवा राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम का आयोजन संपूर्ण देश में किया जा रहा है में किया जा रहा है एवं इस अवसर पर माय भारत की सीईओ डॉक्टर प्रियंका शुक्ला के निर्देश अनुसार में भी इसका भव्य आयोजन किया गया इस कार्यक्रम के बारे में उप निदेशक अंकित कुमार गौर ने विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में रामवीर सिंह विधायक मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में परमेश्वर लाल सैनी पूर्व लोकसभा प्रत्याशी आकाश पाल जिला अध्यक्ष बीजेपी उपस्थित हुए कार्यक्रम के सफल आयोजन में कुछ विशेष बिंदु रहे जिसमें सर्वप्रथम कार्यक्रम का आरंभ एक भव्य विचार गोष्ठी के माध्यम से किया गया विचार गोष्ठी में 500 से अधिक युवाओं को अतिथियों द्वारा संबोधित किया गया एवं कार्यक्रम में 30 चयनित प्रथम बार के मतदाता को माय भारत के विशेष चिन्ह द्वारा सम्मानित किया गया कार्यक्रम में युवाओं ने इसके पश्चात एक पदयात्रा का आयोजन किया जिसने 6 किलोमीटर की दूरी तय कर युवाओं को एवं समाज के सभी वर्गों को मतदान के लिए जागरूक किया कार्यक्रम में कुछ युवाओं ने साइकिल रैली भी निकाल संडे ऑन साइकिल के विचार को चरितार्थ किया कार्यक्रम का विशेष आकर्षक बैलून फेस्टिवल था क्योंकि बड़ी संख्या में मतदान एवं मेरा युवा भारत के संदेश के साथ छपे हुए गुब्बारे को युवाओं में एक साथ हवा में छोड़ें और इस कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने मतदान करने की शपथ भी ली कार्यक्रम के अंत में एक मतदान केंद्र बनाया गया।



युवाओं को मतदान करने की व्यवहारिक प्रतिक्रिया का अनुभव लेने का अवसर मिला और युवाओं ने ई.बी. एम के मॉडल पर बटन दबाकर मतदान करना सीखा इस तरह यह एक भव्य अनुभावनात्मक एवं दूरगामी प्रभाव छोड़ने वाला कार्यक्रम रहा कार्यक्रम के बारे में कार्यक्रम सहायक रंजीत कुमार सैनी ने कहा कि कार्यक्रम में भारी संख्या में युवाओं ने अपनी मौजूदगी से कार्यक्रम की भव्यता बड़ाई कार्यक्रम में महेंद्र सिंह, विकास कुमार, राहुल मौर्य, चंद्र सिंह ,रविंद्र, आदि का विशेष सहयोग रहा।

# नारी सशक्तिकरण एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ दिवस के रूप में मनाया

**मुरादाबाद।** हैविट मुस्लिम इंटर कॉलेज की स्वयं सेवक इकाई द्वारा लगाये जा रहे विशेष शिविर के पांचवे दिन को ष्नारी सशक्तिकरण एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के रूप मे मनाया गया छात्र-छात्राओं को नारी शक्ति की जानकारी दी गयी, कार्यक्रम अधिकारी मुशाहिद हुसैन द्वारा विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया की समाज महिलाओं के बिना अधूरा है महिला और पुरुष से गाड़ी बनती है सरकार द्वारा भी महिलाओ को समानता का दर्जा दिया गया है और प्रत्येक फील्ड मे ये दिखाई भी दे रहा है।



सरकारी नौकरी हो या फिर खेल का मैदान हर जगह महिलाओं का बोल बाला है. आगे बताया कि छात्राओं को स्कूल आते जाते अथवा घर से बाहर यदि कोई व्यक्ति तंग करता है तव मोबाइल न. 1090 तथा 112 पर कॉल करें तुरन्त पुलिस सहायता प्राप्त होगी. कॉलेज के प्रबंधक श्री जाबिर हुसैन एडवोकेट ने बताया कि महिलाओ को निडर होकर कार्य करना चाहिए. आज हमारे देश की राष्ट्रपति महिला है. प्रदेश की राज्यपाल महिला है. न्यायालयों मे बड़ी संख्या मे महिला जज है.इसलिए अपने अधिकार को पाने के लिए सदैव तत्पर रहें। कार्यक्रम अधिकारी ने स्वयं सेवकों के साथ मतदाता रैली निकाली, मतदाता शपथ दिलाई और लोगों को मतदान का महत्त्व समझाया. इस अवसर पर एच जे एस इंटर कॉलेज का स्टॉफ मौजूद रहा और अध्यापकों ने अपने विचार रखे।

# राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर बीएलओ और सुपरवाइजर हुए सम्मानित



**बिलारी ( शाह टाइम्स संवाददाता )** राष्ट्रीय मतदाता दिवस सरकारी कार्यालय और शिक्षण संस्थानों में धूमधाम से मनाया गया स्कूली बच्चों और शिक्षकों ने रैलियां निकालकर अठारह वर्ष पूरी कर चुके युवाओं से मतदाता बनने और शत प्रतिशत मत का प्रयोग करने के प्रति जागरूक किया। तहसील कार्यालय में एसडीएम विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में मतदाता दिवस मनाया गया इसमें अच्छा कार्य करने वाले सुप. रवाइजर और बीएलओ को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले सुपरवाइजर प्रमोद कुमार रोहित मिश्रा रविकांत गहलोत मुकेश कुमार अतेंद्रपाल सिंह, विशाल यादव और बीएलओ राजेंद्र पाल, मधु शर्मा, मोहम्मद शमी, मोहम्मद जावेद, रोशन आरा आदि हैं। तहसीलदार अंकित गिरी, नायब तहसीलदार, कानूनगो लेखपाल, अधिवक्ता आदि शामिल रहे। पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज नगलिया जट के छात्र-छात्राओं और अध्यापकों ने गांव में रैली निकाल कर मतदाताओं को जागरूक किया।

## पीतल नगरी के हस्तशिल्प गुरु चिरंजी लाल पदमश्री के लिए चयनित, परिवार में खुशी का माहौल

**मुरादाबाद।** पीतल नगरी मुरादाबाद के लिए यह गर्व का क्षण है कि यहां की विश्वविख्यात पीतल कला को एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान मिला है। प्रसिद्ध हस्तशिल्प गुरु चिरंजी लाल को कला के क्षेत्र में उनके अतुलनीय योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा पद्मश्री सम्मान के लिए चयनित किया गया है। इस उपलब्धि से न केवल चिरंजी लाल, बल्कि मुरादाबाद के हजारों कारीगरों का मान बढ़ा है, जो पीढ़ियों से इस पारंपरिक कला को जीवित रखे हुए हैं। चिरंजी लाल ने बताया कि उन्हें इस सम्मान की जानकारी गृह मंत्रालय से आए फोन कॉल के माध्यम से मिली। उन्होंने इस सम्मान को पूरी पीतल नगरी और यहां के मेहनतकश कारीगरों को समर्पित करते हुए कहा कि यह पुरस्कार उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि उन सभी शिल्पकारों का सम्मान है, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद इस कला को बचाए रखा।उन्होंने चिंता व्यक्त की कि बदलते समय और मशीनों के बढ़ते प्रयोग के कारण पारंपरिक हस्तशिल्प धीरे-धीरे लुप्त होता जा रहा है। चिरंजी लाल ने कहा कि अब उनकी प्राथमिकता युवा पीढ़ी को इस कला से जोड़ना, नए कारीगरों को प्रशिक्षण देना और इस समृद्ध विरासत को आगे बढ़ाना होगी।चिरंजी लाल द्वारा तैयार किए गए पीतल के फ्लावर बेस, टी-कोस्टर, फ्रूट बाउल सहित अनेक कलाकृतियां देश-विदेश में सराही जाती रही हैं। उनकी कृतियां दिल्ली के प्रगति मैदान, दिल्ली हाट समेत कई प्रतिष्ठित म्यूजियम और प्रदर्शनियों में मुरादाबाद की पहचान बन चुकी हैं। पद्मश्री सम्मान के चयन से मुरादाबाद की पीतल कला को नई ऊर्जा और वैश्विक पहचान मिलने की उम्मीद है।



# गणतंत्र दिवस की पूर्व नेत्रदाता परिवारों का सम्मान



### नेत्रदान सबसे पुनीत कार्य है: एसपी सिटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सी एल गुप्ता आई बैंक एवं मुरादाबाद नागरिक समाज की ओर से 57वां नेत्रदाता परिवारों का सम्मान समारोह सी एल गुप्ता आई हास्पिटल में किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया तत्पश्चात राष्ट्रीय गीत प्रस्तुत किया गया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में पुलिस अधीक्षक नगर कुमार रणविजय सिंह आमंत्रित किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजीव शर्मा ने की । कार्यक्रम में संवेदना किट्स किट्स विद्यालय के प्रतिभागियों ने वेद मंत्रों की प्रस्तुति की तथा देशभक्ति गीतो की प्रस्तुत दी । संस्थान की डिप्टी चेयरपर्सन डा आशी खुराना ने वर्तमान समय में नेत्रदान की आवश्यकता और महत्व बताया। कार्यक्रम में 15अगस्त से 31 दिसम्बर तक 33 प्राप्त नेत्रदान को कराने वाले नेत्रदाता परिवारों को मुख्य अतिथि -श्रीमान रणविजय सिंह के कर कमलों से सम्मानित किया गया। आर्य समाज के मंत्री रमेश आर्य राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक बृजमोहन , मुरादाबाद एक्सप्रेस जैनुलाबदीन, गीतांजलि पाण्डेय ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर सरदार गुरुविंदर सिंह ज्ञानेंद्र गांधी गरिमा सिंह राजीव ढल रमेश आर्य संजीव वर्मा रवि टंडन हरकेश सिंह गीतांज. लि पाण्डेय नीरज कुमार कमल गोला रवि यदुवंशी पर्यावरण सचेतक नैपाल सिंह , संजीव कुमार फणिकृष्ण लक्ष्मी मंगा सुदर्शना पूजा राना,अव्दुल मन्नान, सृष्टि अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर ली मतदान करने की शपथ बीएलओ हुए सम्मानित





**कांठ ( शाह टाइम्स )।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर तहसील सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें अच्छा काम करने वाली बीएलओ भुवनेश कुमारी सहित् अन्य को सम्मानित किया गया। एसडीएम और तहसीलदार ने अर्दली हाकिम अली को भी उसकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया।

इसके अलावा छजलैट और कांठ थाने में भी राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर थाना प्रभारी ने स्टाफ को शपथ दिलाने का काम किया। बूथों पर भी बीएलओ ने लोगों को मतदान में हिस्सा लेने की शपथ दिलाई।

### रेलवे फाटक पर लगा जाम लोग हुए हलकान

**कांठ( शाह टाइम्स )** रेलवे फाटक पर आज फिर जाम लग गया जिसकी वजह से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा थाने के सामने पुलिस व्यवस्था न होने के कारण भी जाम खुलने में काफी समय लग गया। बतादे कि थाने के सामने कांठ अमरोहा मार्ग स्थित रेलवे फाटक पर जाम लगना रोजाना की बात है लेकिन कभी-कभी यह जाम हालात से ज्यादा बड़ा हो जाता है उम्मीद से ज्यादा बड़ा हो जाता है पुलिस तैनाती का अभाव हो तो जाम से छुटकारा पाने में घंटो लगते हैं बाहन चालको द्वारा अपनी मर्जी से बाहन खड़ा करने के कारण इस जाम में और चार चांद लग जाते हैं। जिससे यात्रियों के साथ-साथ आसपास के गांव जाने वाले लोगों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आज भी दोपहर बाद जाम लगा तो हालात बेकाबू हो गए लोगों को घंटो तक जाम से निजात पाने में मशक्कत करनी पड़ी वाहन चालको ने स्वयं ट्रैफिक व्यवस्था संभाल कर वाहनों को निकलवाया। लेकिन इसके बावजूद भी जाम से निपटने में घंटो का समय लग गया इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा है।



### पुलिस ने पिता पुत्र को किया शांतिभंग में गिरफ्तार

कांठ( शाह टाइम्स) दो भाइयों के बीच चल रहे झगड़े के बाद पुलिस ने पिता पुत्र सहित तीन को गिरफ्तार कर चालान किया है बताया गया कि नरेश पुत्र होरी नन्हे पुत्र होरी एवं नन्हे का पुत्र राहुल आपस में किसी मामले को लेकर झगड़ा कर रहे थे जिससे शांति भंग की आशंका पैदा हो गई सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को हिरासत में लेकर थाने ले आई। और बाद में शांति भंग की धाराओं में चालान कर दिया।



### तेज कार ने थार में मारी टक्कर बाल बाल बचे लोग

**कांठ ( शाह टाइम्स )** तेज गति से ला रहे कार चालक ने दुकान के सामने खड़ी थार को टक्कर मार दी और फरार हो गया इससे आसपास खड़े कई और वाहन क्षतिग्रस्त हो गए गनीमत रही कि इसमें कोई जनहानि नहीं हो पाई। देर शाम मोड़ी हजरतपुर तिराहे पर एक कार आई जबकि थार साइड में दुकान के सामने खड़ी थी और सीधी थार के पिछले हिस्से टकरा गई। टक्कर कितनी जबरदस्ती थी के थार अपनी जगह से कई फुट आगे घूम गई और उसके पास खड़ी बाइके उसकी जद में आकर गिर गई। थार के पास खड़ी एक और कार भी क्षतिग्रस्त हुई घटना होते ही लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची लेकिन टक्कर मारने वाला मौके से कार लेकर फरार हो गया। लोगों का कहना था की कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि वह मोड पर काबू नहीं कर पाया और उसने सीधी थार में टक्कर मार दी कुल मिलाकर किसी तरह की जनहानि ना होने से लोगों ने राहत महसूस की है।



### कब्रिस्तान की भूमि से पेड़ कटवाने पर अज्ञात सहित दो पर एफआईआर

**कांठ ( शाह टाइम्स )** कब्रिस्तान की भूमि से पेड़ काट लेने पर लेखपाल की तहरीर से पुलिस ने दो पर एफआईआर दर्ज की है। घटना थाना छजलैट के गांव मथाना की है। बताया गया कि वहां अभिलेखों में कब्रिस्तान दर्ज है जिसमें यूकेलिप्टस के 165 पेड़ खड़े थे उन पेड़ों को काटे जाने की सूचना मिलने पर लेखपाल ने जांच की तो पता चला कि मथाना गांव के करीम पुत्र चंदाशाह व अन्य व्यक्तियों द्वारा उक्त पेड़ कटवाए गए हैं। पेड़ों को उमरी कला के कुछ लोगों द्वारा काटा जा रहा था लेखपाल ने उक्त स्थल पर जाकर पेड़ों को रुकवाया तो वहां काम कर रहे लोग ट्रैक्टर लेकर भाग गए। मौके पर 50 पेड़ कटे हुए भी मिले लेखपाल की शिकायत पर थाना छजलैट में एफआईआर दर्ज की गई है।

### बुलेरों की मांग को लेकर उत्पीड़न में दो के खिलाफ पुलिस ने किया मामला दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )** बुलेरो कार तथा 5 लाख की मांग को लेकर महिला का उत्पीड़न करना शुरू कर दिया महिला की शिकायत पर छजलेट पुलिस ने पति और ससुर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। अमरोहा जनपद के थाना अमरोहा देहात अंतर्गत गांव हादरपुर निवासी प्रीति पुत्री जयबीर सिंह की शादी 3 साल पहले छजलैट थाने के गांव चंगेरी में निशांत के साथ हुई थी। जिसमें काफी सामान दहेज में दिया गया लेकिन निशांत और उसके पिता अरविंद इससे राजी नहीं हुए और दहेज में बुलेरो कार एवं 5 लाख रुपए की मांग करने लगे पीड़िता ने असमर्थता जताई तो पिता और पुत्र ने आए दिन शराब पीकर मारपीट और गाली-गलौज करनी शुरू कर दी। 23 जनवरी को उसे मारपीट करते हुए घर से निकाल दिया पीड़िता थाने पहुंची और पति एवं ससुर के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

# राजकीय इंटर कॉलेज जटपुरा में वार्षिकोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

**ठाकुरद्वारा।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय इंटर कॉलेज जटपुरा में रविवार को विद्यालय का वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। दीप प्रज्वलन मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष हरपाल सिंह, विशिष्ट अतिथि राजीव सारस्वत (प्रधानाचार्य, राजकीय इंटर कॉलेज उदल पुर व प्रधानाचार्य अल्ताफ अली एवं अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थित अतिथियों ने खूब सराहा। छात्राओं की नृत्य प्रस्तुतियों एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर गत वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में विद्यालय से सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों को भी स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि राजीव सारस्वत एवं विशिष्ट अतिथि हरपाल सिंह ने विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त शिक्षक अभिभावक समिति के अध्यक्ष देशराज सिंह, शिक्षक ताहिर हुसैन, भाजपा किसान मोर्चा के मंडलअध्यक्ष राम सिंह चौहान एवं प्रवेश देवी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य अल्ताफ अली ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया।



ठाकुरद्वारा। जटपुरा मे स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय इंटर कॉलेज मे पुरस्कार वितरण करते प्रधानाचार्य।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ ग्रहण एवं जागरूकता रैली



**चन्दौसी।** नगर के एन.के.बी. एम.जी. पी.जी. कॉलेज में रविवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी डा0 राजेन्द्र पैंसिया द्वारा छात्र-छात्राओं को मतदाता शपथ दिलवायी गयी। साथ ही उन्होंने मतदाता शपथ के एक-एक शब्द की व्याख्या छात्र-छात्राओं के समक्ष की। उन्होंने महिला सशक्तिकरण पर बात करते हुए छात्राओं को भारत में प्राचीन काल से ही नारी शक्ति को सर्वोपरि मानने की संस्कृति से अवगत कराया। वहीं 'मेरा भारत-मेरा वोट' के तहत डा0 रीता सिंह के संयोजन में रैली निकाली गई जिसमें नगर के विभिन्न महाविद्यालयों व विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया गया।

कार्यक्रम में डा0 रीता, डा0 मोनिका राघव, डा0 आरती ओझा, डा0 सुमन श्रेष्ठ, डा0 प्रियंका, डा0 सपना अग्रवाल, डा0 शीतल यादव, मनीषा अग्रवाल, अन्जुली अग्रवाल, डॉ. इमराना आदि मौजूद रहीं।

## रिजर्व पुलिस लाइंस में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर पुलिस कर्मियों को दिलाई गई शपथ

**मुरादाबाद।** रविवार को "राष्ट्रीय मतदाता दिवस" के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक यातायात सुभाष चंद्र गंगवार के द्वारा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदाता दिवस की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का उद्देश्य लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करना तथा सभी को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करना रहा।शपथ ग्रहण के दौरान सभी पुलिस कर्मियों ने भारत के संविधान के प्रति निष्ठा रखने, निष्पक्ष, निर्भीक एवं जिम्मेदार मतदान करने तथा लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय और सकारात्मक भूमिका निभाने का संकल्प लिया। पुलिस अधीक्षक यातायात सुभाष चंद्र गंगवार ने अपने संबोधन में कहा कि मताधिकार लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है और प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि वह बिना किसी भय या दबाव के अपने मत का प्रयोग करे। उन्होंने कहा कि पुलिस विभाग न केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने का कार्य करता है, बल्कि समाज को जागरूक करने में भी उसकी अहम भूमिका होती है।उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अपील की कि वे स्वयं मतदान अवश्य करें और आमजन को भी इसके लिए प्रेरित करें। राष्ट्रीय मतदाता दिवस का उद्देश्य लोगों में लोकतांत्रिक चेतना विकसित करना और युवाओं सहित सभी वर्गों को मतदान प्रक्रिया से जोड़ना है। कार्यक्रम के अंत में सभी पुलिस कर्मियों ने एकजुट होकर लोकतंत्र की रक्षा और उसे सशक्त बनाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर पुलिस लाइन के अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



## संविदा कर्मचारी संघ की बैठक में सुरक्षा व एकजुटता पर दिया गया जोर

**चन्दौसी।** रविवार को उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन निविदा/संविदा कर्मचारी संघ की बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन को मजबूत करने और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई सुरक्षा किट का लाइन पर कार्य करते समय अनिवार्य रूप से उपयोग किया जाए। जिलाध्यक्ष संभल किरणपाल ने कहा कि यदि संभल जिले में किसी भी संविदा कर्मचारी की छटनी की गई या धमकी दी गई तो पूरे जिले के संविदाकर्मी इसका विरोध करेंगे और सामूहिक इस्तीफा देंगे। चन्दौसी डिविजन से जिला महामंत्री रविंद्र चौधरी ने सभी संविदा कर्मियों से एकजुट रहने और विभाग हित में कार्य करने का आह्वान किया। बैठक में अजय पाठक, भोला चौधरी, समरपाल, अवनीश चौधरी सहित अनेक संविदा कर्मचारी उपस्थित रहे।

## गणतंत्र दिवस पर ब्लॉक बनियाखेड़ा में महिलाओं व कर्मियों का होगा सम्मान



**चन्दौसी।** विकासखंड बनिया खेड़ा में गणतंत्र दिवस के अवसर पर महिलाओं को सशक्त, स्वावलंबी बनाने तथा उनका मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम 'मेरी पहचान-मेरा स्वाभिमान' आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम ब्लॉक प्रमुख डॉ. सुगंधा सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड में विगत वर्षों से सत्यनिष्ठा, ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। डॉ. सुगंधा सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत कार्यरत स्वयं सहायता समूहों की दीदियों-समूह सखी, बैंक सखी, बीसी सखी, विद्युत सखी, कृषि सखी, आजीविका सखी एवं महिला मेटकृको उनकी पहचान सुनिश्चित करने के लिए पहचान पत्र वितरित किए जाएंगे। इसके साथ ही विकासखंड स्तर पर कार्यरत सचिव, पंचायत सहायक, तकनीकी सहायक, रोजगार सेवक, आशा कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा स्वच्छता व्यवस्था में अहम भूमिका निभाने वाले सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम की रूपरेखा खंड विकास अधिकारी बनियाखेड़ा एवं मुख्य विकास अधिकारी संभल के साथ तैयार की गई है। कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा के लिए जिले के मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट रविवार को विकासखंड कार्यालय पहुंचे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि डॉ. सुगंधा सिंह के नेतृत्व में विकासखंड बनियाखेड़ा महिला सशक्तिकरण की मिसाल बन चुका है। इसी कड़ी में विकासखंड बनियाखेड़ा की अनुपमा सिंह का चयन इस वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम में सहभागिता के लिए हुआ है, जो क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

## हिंदू सम्मेलन में संस्कृति, समाज और राष्ट्र निर्माण पर हुआ मंथन

**चन्दौसी।** नगर के कैथल गेट पर आयोजित हिंदू सम्मेलन में समाज, संस्कृति, पर्यावरण और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित कर समरस, स्वाभिमानी एवं कर्तव्यनिष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में हिंदू समाज के विभिन्न वर्गों की बड़ी संख्या में सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं गणेश वंदना के साथ हुआ। इसके पश्चात विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने सराहा।

विभाग प्रचारक शरद ने अपने संबोधन में कहा कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति का वही महत्व है, जैसे मानव शरीर के प्रत्येक अंग का। सभी हिंदुओं को संगठित रहकर देश की रक्षा करनी चाहिए, इसी उद्देश्य से डॉ. हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। उन्होंने कहा कि संघ व्यक्ति निर्माण का कार्य करता है और प्राकृतिक आपदाओं के समय स्वयंसेवक समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।

मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर डॉ. स्वामी प्रेमानंद महाराज ने कहा कि संघ के स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित ऐसे सम्मेलन हिंदू संस्कृति को सशक्त बनाएंगे। उन्होंने वर्तमान समय में हो रहे धर्मांतरण, लव जिहाद एवं जातिगत विभाजन पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि संघ अपनी शाखाओं और अनुषांगिक संगठनों के माध्यम से समाज सेवा का कार्य कर रहा है। उन्होंने हिंदू समाज से अपनी संस्कृति पहचानने और संस्कारों को अपनाने का आह्वान किया। अंत में आयोजन समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल 'गोगी' ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता मौसम गुप्ता ने की तथा संचालन कवि सौरभ कान्त शर्मा ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





# गणतंत्र दिवस पूर्व संध्या पर वंदे भारत संगठन ने निकाली भव्य तिरंगा यात्रा

**चन्दौसी।** रविवार को गणतंत्र दिवस से एक दिन पूर्व नगर में वंदे भारत राष्ट्रवादी संगठन के संयोजन में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों लोगों व छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी, जिलाध्यक्ष भाजपा हरेंद्र सिंह रिंकू, वंदे भारत राष्ट्रवादी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोमी चौधरी, राष्ट्रीय महामंत्री विपिन चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष मेजर राजीव ढल, ब्लॉक प्रमुख सुगंधा सिंह तथा चंद्रसेन दिवाकर, पप्पू चौधरी, अंकुर अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया जिसमें 100 फीट तिरंगे के साथ आर.एस. इंटर कॉलेज के छात्रों ने भी प्रतिभाग किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष वन्दे भारत रोमी चौधरी ने कहा कि वह युवा साथियों को याद दिलाना चाहता हूं कि ये आजादी हमें ऐसे ही नहीं मिली। इस आजादी को पाने के लिए देश के हजारों नौजवानों ने अपने प्राणों की आहुति दी और लाखों परिवारों ने अपना सुख-चौन त्याग कर योगदान दिया है। प्रदेश अध्यक्ष मेजर राजीव ढल ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देशवासियों में राष्ट्रप्रेम की भावना जागृत करना, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सद्भाव एवं स्वाधीनता के आंदोलन से जुड़े सेनानियों को याद करना है। तिरंगा देशवासियों की आन-बान और शान है। इसे हमें सदैव बरकरार रखना है। इस अवसर पर आयोजक आर.एस. इंटर कॉलेज चन्दौसी के प्रधानाचार्य एवं वंदे भारत राष्ट्रवादी संगठन के मंडल उपाध्यक्ष दिनेश पाल सिंह 'दिलकश' ने यात्रा की गरिमा बढ़ाने वाले सभी पुलिसकर्मियों, मीडिया प्रतिनिधियों, चन्दौसी के सैकड़ों नागरिकों, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों-कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों तथा कॉलेज के विद्यार्थियों का हार्दिक अभिनंदन एवं आभार व्यक्त किया। तिरंगा यात्रा राष्ट्रप्रेम, एकता और जागरूकता का सशक्त प्रतीक बनी। इस अवसर पर डॉ0 विशाल चौहान, जिलाध्यक्ष आकाश कुमार, जिला महामंत्री पप्पू चौधरी, डॉ. टी.एस. पाल, सुखपाल सिंह गौर, यश जादौन, एस.एन. शर्मा, अभिनव वार्ष्णेय, नितिन शर्मा, विवेक पाठक, शशांक वार्ष्णेय, लव कुमार, बिट्टू ठाकुर, जयश पांचाल तथा आर.एस.इंटर कॉलेज के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।



शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## एक नजर

### सत्य हरि शिव मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन



**मुरादाबाद।** शहर के गोविंद नगर बैंक कॉलोनी स्थित सत्य हरि शिव मंदिर में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का रविवार को श्रद्धा और भक्ति के साथ समापन हुआ। सातवें दिन कथा स्थल पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा और पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में डूबा नजर आया।कथा व्यास पंडित दीपक कृष्ण उपाध्याय ने सातवें दिन भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया। उन्होंने अपने प्रवचन में कहा कि श्रीमद् भागवत कथा केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मानव जीवन को सही दिशा दिखाने वाला मार्गदर्शक है, जो धर्म, भक्ति, सदाचार और प्रेम का संदेश देती है। कथा श्रवण से मन को शांति और जीवन को सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। इस पावन आयोजन के यजमान राजेंद्र प्रसाद गुप्ता रहे, जिनके सान्निध्य में विधि-विधान के साथ कथा का सफल आयोजन संपन्न हुआ। कथा के दौरान भजन-कीर्तन, जयकारे और शंखनाद से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहा।समापन अवसर पर भव्य आरती का आयोजन किया गया, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। आरती के पश्चात प्रसाद वितरण हुआ, जिसे ग्रहण कर भक्तों ने पुण्य लाभ अर्जित किया। आयोजन को लेकर क्षेत्रवासियों में विशेष उत्साह और श्रद्धा देखने को मिली।

### उत्तर प्रदेश जाट महिला महासभा ने की विचार गोष्ठी, शहीदों को अर्पित की श्रद्धांजलि




**मुरादाबाद।** शहर के कांठ रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में अखिल उत्तर प्रदेश जाट महिला महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 26 जनवरी को मनाए जाने वाले आजादी के महापर्व 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर देशभक्ति से जुड़े विचार व्यक्त किए गए। इस अवसर पर उपस्थित सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं और देश के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।बैठक में वक्ताओं ने कहा कि हमें अपने देश के वीर सपूतों से प्रेरणा लेनी चाहिए। वर्तमान समय की आवश्यकता पर चर्चा करते हुए कहा गया कि देश का हर नागरिक मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत हो, ताकि वह अपनी तथा राष्ट्र की रक्षा के लिए सक्षम बन सके। विशेष रूप से बच्चों को संस्कारवान, मजबूत और देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत बनाने पर जोर दिया गया, जिससे आने वाली पीढ़ी देश के प्रति अपने कर्तव्यों को समझ सके। बैठक के दौरान बसंत पंचमी के पावन अवसर पर मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर विद्या, बुद्धि और सद्बुद्धि की कामना की गई। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण और प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ।इस अवसर पर अखिल उत्तर प्रदेश जाट महिला महासभा की प्रदेश अध्यक्षा डॉ. संगीता चौधरी, जिला अध्यक्षा ममता चौधरी, महासचिव सुनीता सिंह, उपाध्यक्ष सविता सिंह, उपाध्यक्ष रीता ढाका, कोषाध्यक्ष सीमा सिंह सहित कुसुम, अनु मान, अपूर्वा, श्वेता चौधरी व अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### एसएम कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

**चन्दौसी।** रविवार को एस.एम. कॉलेज चन्दौसी में राष्ट्रीय मतदाता दिवस कार्यक्रम को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉ0 नरेंद्र कुमार शर्मा द्वारा छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय मतदाता दिवस संबंधी शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों को मतदान के विषय पर जागरुक करते हुए आगामी चुनाव में शत-प्रतिशत निष्पक्ष मतदान करने एवं मतदान कराने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। महाविद्यालय में शपथ ग्रहण कार्यक्रम के उपरांत राष्ट्रीय सेवा योजना और राष्ट्रीय कैडेट कोर की इकाइयों ने डॉ विशेष कुमार पांडेय और प्रिया श्रीवास्तव के नेतृत्व में एन.के.बी.एम.जी. महाविद्यालय चन्दौसी में आयोजित होने वाले जनपद स्तरीय शपथ ग्रहण कार्यक्रम में प्रतिभागता करते हुए जिलाधिकारी संभल द्वारा निष्पक्ष एवं निर्भीक मतदान संबंधी शपथ ली। जिलाधिकारी द्वारा शपथ ग्रहण कार्यक्रम के उपरांत विद्यार्थियों ने अनुशासित रूप मे चंदौसी नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए एक रैली निकाल कर क्षेत्रवासियों को मतदान के प्रति जागरूक किया। रैली का समापन एन.के.बी.एम.जी. महाविद्यालय में हुआ।




### जायंट्स ग्रुप की महिला इकाइयों का संयुक्त शपथ समारोह सम्पन्न

**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप आफ महिला शक्ति, जायंट्स ग्रुप आफ वूमेन ईरा, जायंट्स ग्रुप ऑफ वूमेन पावर एवं जायंट्स ग्रुप ऑफ वूमेन प्राइड द्वारा संयुक्त रूप से शपथ समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिप्टी वर्ल्ड चेयरमैन एस.पी. चतुर्वेदी रहे। विशिष्ट अतिथियों में सेंट्रल कमेटी मेंबर डॉ. सुधा चौधरी, फेडरेशन-5 अध्यक्ष विपिन मित्तल, आईपीपी कृष्णौतार तथा पास्ट फेडरेशन प्रेसिडेंट पदमा भार्गव उपस्थित रहे। महिला शक्ति की अध्यक्ष इंदू अग्रवाल को यूनिट डायरेक्टर क्षमा अग्रवाल ने शपथ दिलाई। साथ ही डीओए, डीओएफ एवं बोर्ड मेंबरों को भी शपथ दिलाई गई। चारों ग्रुपों के सदस्यों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। आशा बिसारिया ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। समारोह में दो निर्धन कन्याओं के विवाह हेतु चारों ग्रुपों द्वारा आवश्यक सामग्री एवं नगद सहयोग प्रदान किया गया। इस अवसर पर सभी ग्रुपों की सदस्याएं उपस्थित रहीं।

समस्त देशवासियों को गणत्रंत दिवस की






हार्दिक शुभकामनाएं
मोहम्मद नवेद (एडवोकेट)
इंसाफ मोर्चा प्रांतीय उपाध्यक्ष
ऑनर: ताज मैरिज हॉल-हुसैनपुर-ढाकी अड्डा नजीबाबाद, जनपद-बिजनौर।

# गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई

## स्वाहेडी में चतुर्वेद महापरायण यज्ञ



**बिजनौर।** ग्राम स्वाहेडी में 26 जनवरी से 1 फरवरी 2026 तक चतुर्वेद महापरायण यज्ञ का भव्य एवं धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण और सामाजिक एकता को मजबूत करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

यह जानकारी देते हुए गौरव कुमार जंघाला ने बताया कि इस पावन अवसर पर 27 जनवरी को भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत का ग्राम स्वाहेडी आगमन प्रस्तावित है। उनके साथ भाकियू जिला अध्यक्ष सुनील कुमार, युवा जिला अध्यक्ष मनप्रीत सिद्धू मोनू प्रधान एवं मंडल मुख्य महासचिव रजनीश अहलावत भी कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

गौरव कुमार जंघाला ने कहा कि किसान यूनियन के वरिष्ठ एवं युवा पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम को विशेष महत्व और ऊर्जा प्राप्त होगी। उन्होंने आयोजक समिति की ओर से क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं, किसानों एवं आमजन से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर यज्ञ में भाग लें।

## दो मकानों में चोरी से दहशत

**हल्दौर।** क्षेत्र के गांव मुकरंदपुर में चोरों ने एक ही रात में दो मकानों को निशाना बनाते हुए नकदी व कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निवासी खिलेंद्र उर्फ बिल्लू अपनी पत्नी आदेश के साथ नीचे के कमरे में सो रहे थे, जबकि उनकी पुत्रवधू एकता ऊपर के हिस्से में थी। इसी दौरान उनका पुत्र विशाल बिजनौर से एक विवाह समारोह में शामिल होकर देर रात घर लौटा और सो गया। इसी बीच चोरों ने मकान के पीछे से प्रवेश कर सेफ और अलमारी के ताले तोड़ दिए। चोर करीब 50 हजार रुपये नकद, एक चांदी की अंगूठी तथा घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की डीवीआर चोरी कर ले गए।सुबह जब परिजन जागे तो घर में सामान बिखरा देख चोरी की जानकारी हुई। इसके अलावा चोरों ने गांव निवासी सुरेंद्र सिंह के मकान में भी पीछे से घुसकर करीब 1500 रुपये नकद चोरी कर लिए। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों में दहशत फैल गई। पीड़ित खिलेंद्र सिंह ने थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी।

# लूटपाट कर अधमरा किया, 13 दिन बाद मामला दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अपनी चाय की दुकान से घर लौट रहें व्यक्ति को रोककर उसके साथ लूटपाट और बेरहमी से मारपीट करने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने 12 दिन बाद मामला दर्ज किया, लेकिन अभी भी आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर पायी हैं।

नहटोर क्षेत्र के ग्राम बेगराजपुर निवासी मुशर्रत पत्नी निजामुद्दीन ने

### पीड़ित अस्पताल में भर्ती, हालत नाजुक

पुलिस को दी तहरीर में बताया की 12 जनवरी की रात्रि करीब साढ़े 9 बजे उसके पति निजामुद्दीन नहटौर स्थित चाय की दुकान को बंद कर घर लौट रहें थे। उनके साथ उनके साथी अफसर पुत्र महमूद आलम भी साथ थे और दोनों स्कूटी से घर लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम इशाकपुर के समीप एक सफेद रंग की कार ने उनकी स्कूटी पर टक्कर मार कर गिरा दिया। इसी दौरान पीछे से दो बाइकों पर सवार होकर प्रियंकल उर्फ काले व कल्याण पुत्र यशपाल निवासी नूरपुर खेड़की व प्रशांत उर्फ भोले पुत्र केदार सिंह निवासी ग्राम जिरौठी थाना नहटौर ने अपने चार अन्य साथियों के साथ मिलकर निजामुद्दीन के साथ बेरहमी से मारपीट की और जान से



मारने की नियत से धारदार हथियारों से हमला किया और जेब में रखें 23 सौ रुपए लूटकर फरार हो गए। पीड़ित पक्ष ने इस मामले की तहरीर घटना के बाद हीं पुलिस को दे दी थी, लेकिन पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज नहीं की और पीड़ित पक्ष पर ही लूट का मामला तहरीर से हटाने के लिए दबाव बनाया, लेकिन पीड़ित पक्ष नहीं माना। शनिवार को पीड़ित पक्ष को पुन: थाने बुलाया गया और पुलिस अब मुकदमा दर्ज करने की बात कह रही हैं।

क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

-चूल्हे का प्रयोग न करते समय तथा रात को सोने से पहले रेगूलेटर बंद रखे।
-बेहतर सुविधा के लिए सभी उपभोक्ता ईकेबाईसी करायें।

वेंक्टेश्वर गैस भारत एजेंसी
रानी बाग पुलिस चौकी, धामपुर




गणतंत्र दिवस की सभी अभिभावकों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, छात्र-छात्राओं को
शुभकामनाएं


स्व. तोला सिंह
संस्थापक

कक्षायें संचालित- हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम, हाईस्कूल तथा इंटरमीडियट का परीक्षाफल शत प्रतिशत


रवि कुमार
प्रबंधक

राधा इंटर कालेज, यू.पी.बोर्ड प्रयागराज से मान्यता प्राप्त
निकट शीला टाकीज, धामपुर

गणतंत्र दिवस की सभी को
बधाई



सोनू कुमार
पूर्व प्रधान
ग्राम खारी, जनपद-बिजनौर

गणतंत्र दिवस की सभी को
हार्दिक बधाई

रमेश चन्द्र गोयल (क्रेशर वाले)
विदुर खाण्डसारी उद्योग
खारी, जनपद-बिजनौर

स्थापना वर्ष 1969
सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सौभाग्यवती बाई दानी महिला महाविद्यालय, धामपुर

नैक मूल्याकिंत संस्था, स्नातक -स्नातकोत्तर एवं बीएड शिक्षा प्राप्त करने हेतु छात्राओं का एक मात्र स्थान

अनुदानित - कला स्नातक एवं स्नातकोत्तर-हिन्दी, राजनीति विज्ञान
बीएड-उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अनुदानित एवं एनसीटीई मान्यता प्राप्त
स्नातक-विज्ञान स्नातक एवं बीकॉम स्नातक, बीएससी कम्प्यूटर साइंस बीसीए एवं बीबीए,
स्नातकोत्तर-समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, ग्रहविज्ञान, भूगोल, अंग्रेजी, जन्तु विज्ञान, गणित।

महाविद्यालय में एनएसएस, एनसीसी, रोवर रेंजर्स की सुविधा उपलब्ध है। महाविद्यालय में सुसज्जित प्रयोगशालायें, स्मार्ट क्लास, व्याख्यान, कक्ष, पर्याप्त पुस्तकें एवं खेलकूद तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुविधाओं के साथ योग्य एवं अनुभवी शिक्षक उपलब्ध है। साथ ही छात्रावास की सुविधा भी उपलब्ध है। महाविद्यालय का परीक्षाफल 86 से 100 प्रतिशत के मध्य रहता है।

व्यवस्थापक रेणू गोयल, पदेन अध्यक्ष/डीएम जसजीत कौर, प्राचार्य प्रो.पूनम चौहान

A MEDIA SOLUTION INITIATIVE



Holy Angel
Sr. Secondary Academy

## होली एंजल स्कूल में आधुनिक शिक्षा का वातावरण

### आर्थिक रुप से कमजोर छात्रों को निशुल्क शिक्षा उपलब्ध

**बिजनौर।** होली एंजल सीनियर सेकेंड्री एकेडमी धामपुर शिक्षा के क्षेत्र में अग्रिम है। यहां एक छत के नीचे बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ आधुनिक तकनीकी शिक्षा में प्रशिक्षित किया जाता है। आधुनिक साइंस लैब विद्यार्थी साइंस के सूत्रों पर ज्ञान लेते हैं, वहीं कंप्यूटर लैब में विद्यार्थी कंप्यूटर पढ़ाई में होशियार बन रहे हैं।

नगीना मार्ग स्थित होली एंजल सीनियर सेकेंड्री एकेडमी धामपुर शिक्षा के पटल पर अपने आंगन में तमाम सुविधाएं व संशाधन समेटे हुए हैं। यह क्षेत्र एक मात्र विद्यालय है, जिसमें ऑनलाइन क्लासेस के साथ अपने स्टाफ द्वारा बच्चों के होमवर्क की कापियां भी स्कूल में मंगाकर जांच कराई जाती है। ताकि बच्चों का लगातार विकास व उनकी उन्नति का आकलन होता रहे। इसका परिणाम है बच्चों की शिक्षा का स्तर लगातार बढ़ रहा है। स्कूल के प्रबंधक रिशू चौहान ने बताया कि उनके स्कूल में अच्छी शिक्षा के साथ अन्य स्कूलों की तुलना में सस्ती पढ़ाई कराई जाती है। बच्चों को पढ़ाने के लिए योग्य शिक्षक, शिक्षिकाओं का स्टाफ उपलब्ध है। वह स्टाफ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार मेहनत कर रहा है। इसके अलावा स्कूल प्रबंधन आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को निशुल्क शिक्षा उपलब्ध करा रहा है। स्कूल परिसर में खेल मैदान है और प्रशिक्षित शिक्षक बच्चों के अंदर छिपी खेल प्रतिभा को भी निखार रहे हैं। जिससे उनके स्कूलों के छात्र खिलाड़ी विभिन्न स्तरों पर होने वाली प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाकर मेडल प्राप्त करते आ रहे हैं।

#### पाठकों के लिए संदेश

शिक्षा को नौकरी या पद पाने के माध्यम के रूप में न देखें। उसे स्वयं में संपूर्ण समझे। शिक्षा व्यक्ति को शिक्षित ही नहीं करती है, बल्कि बच्चें संस्कार और जीवन जीने कला सीखाती है। शिक्षा प्राप्त कर न सिर्फ छात्र योग्य होता, बल्कि शिक्षा से अच्छा समाज तैयार होता है।

#### प्रवेश से पहले सोचे कि बच्चे का भविष्य संवार रहे हो या कर रहे हो खिलवाड़

शिक्षा विद के अनुसार जीवन में मनुष्य पैसे दोबारा कमा सकते हैं, पर बच्चें की प्रारंभिक शिक्षा अच्छी नहीं होने से उसके जीवन से खिलवाड़ हो गया तो, उसकी भरपाई कभी नहीं होती है। इसलिए अभिभावकों से अपील है कि वह प्रवेश के दौरान जरूर सोचे कि वह अपने बच्चे को अच्छे स्कूल में पढ़ाकर उसका भविष्य संवारे। न कि किसी लालच या लापरवाही से उसका कॅरियर दांव पर न लगाएं।


Mr.Jagdish Chandra Chauhan
(Chairman)


Mrs. Malti Chauhan
(Founder)


Mrs. Rishu Chauhan
(Manager)

7 km. from Dhampur, 10 km. from Nagina, NH-734, Near Dhampur Degree College Dhampur. M.No.8423676904

# सिख समाज के लोगों ने थामा बसपा का दामन मायावती को मुख्यमंत्री बनाने का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रविवार को नगर विधानसभा क्षेत्र में बहुजन समाज पार्टी की नीतियों से प्रभावित होकर सिख समाज के अनेक लोगों ने बसपा की सदस्यता ग्रहण की। यह कार्यक्रम दिल्ली रोड स्थित गगन नदी पुल के पास गुरुद्वारा गुरुनानक दरबार साहिब परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व बहुजन समाज पार्टी मुरादाबाद के जिला अध्यक्ष निर्मल सिंह सागर एडवोकेट ने किया।इस अवसर पर सिख समाज के लोगों ने बसपा की चार बार की सरकार के कार्यों और सर्वसमाज हितैषी नीतियों की सराहना करते हुए पार्टी में आस्था जताई। सदस्यता ग्रहण करने वाले सभी लोगों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती को पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनाने के लिए पूरी निष्ठा और मजबूती से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि बसपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो बिना भेदभाव सभी वर्गों, जातियों और समाजों के हित में कार्य करती है।कार्यक्रम में पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। इनमें मुरादाबाद मंडल के सेक्टर प्रभारी रामकुमार गुलाब, अमर सिंह, अरुण कुमार टिंकू, गजेंद्र सिंह, जिला संयोजक भाईचारा चंद्रपाल सिंह सैनी, करतार सिंह (जिला सचिव) तथा मुकेश कुमार (नगर विधानसभा प्रभारी) प्रमुख रूप से शामिल रहे।इस दौरान सिख समाज के उमेश सिंह, हरनाम सिंह, मेहर सिंह, अमित सिंह, फतेह सिंह, रणदीप सिंह, अमरदीप सिंह, जसवीर सिंह, साथ ही बलजीत कौर, रणजीत कौर, सिमरन कौर, अनीता कौर और अलका कौर को बहुजन समाज पार्टी की प्राथमिक सदस्यता दिलाई गई।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष निर्मल सिंह सागर ने कहा कि सिख समाज का बसपा में जुड़ना पार्टी को और मजबूत करेगा।

उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में सर्वसमाज के सहयोग से उत्तर प्रदेश में एक बार फिर बसपा की सरकार बनेगी।




# मिशन शक्ति केन्द्र, थाना मझोला पर पुलिस की पहल से पारिवारिक विवाद का हुआ सफल समाधान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शासन की मंशा के अनुरूप तथा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और पारिवारिक शांति बनाए रखने के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान–5.0 के अंतर्गत थाना मझोला स्थित मिशन शक्ति केन्द्र पर रविवार को एक पारिवारिक विवाद का सफलतापूर्वक समाधान कराया गया। यह कार्रवाई उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी सिविल लाइन की देखरेख में संपन्न हुई। थाना मझोला पर एक महिला द्वारा पारिवारिक विवाद को लेकर प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था। प्रार्थना पत्र प्राप्त होने के पश्चात दोनों पक्षों को मिशन शक्ति केन्द्र, थाना मझोला पर बुलाया गया। यहां महिला मिशन शक्ति टीम द्वारा दोनों पक्षों की काउंसलिंग की गई। काउंसलिंग के दौरान टीम ने दोनों पक्षों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और आपसी संवाद के माध्यम से विवाद के कारणों को समझाने का प्रयास किया। महिला मिशन शक्ति टीम की समझाइश और सकारात्मक प्रयासों के परिणामस्वरूप दोनों पक्ष एक-दूसरे की बातों से सहमत हो गए और आपसी सहमति से विवाद को समाप्त करने पर राजी हो गए। महिला आवेदिका द्वारा अपने प्रार्थना पत्र पर किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई न किए जाने संबंधी लिखित सहमति भी दी गई। काउंसलिंग सफल रहने पर दोनों पक्षों को सकुशल उनके आवास के लिए रुखसत कर दिया गया। पुलिस की इस पहल की स्थानीय स्तर पर सराहना की जा रही है, जिससे यह संदेश गया कि मिशन शक्ति अभियान के तहत पुलिस न केवल कानून व्यवस्था बनाए रख रही है, बल्कि पारिवारिक विवादों को संवाद और समझदारी से सुलझाने में भी अहम भूमिका निभा रही है। इस काउंसलिंग में मिशन शक्ति केन्द्र टीम थाना मझोला से व0उ0नि0 संजय कुमार, म0उ0नि0 मोनिका चौधरी (मिशन शक्ति केन्द्र प्रभारी) एवं म0हे0का0 रीना शर्मा उपस्थित रहीं।



# शिव पार्वती रसोई परिवार द्वारा निरंतर सेवा कार्य जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शिव पार्वती रसोई परिवार द्वारा निरंतर जनसेवा का कार्य श्रद्धा और समर्पण के साथ जारी है। आज की रसोई में अरहर की दाल एवं चावल का भोग तैयार कर श्रद्धापूर्वक वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष पुष्प यादव एडवोकेट ने कहा कि "सेवा ही सच्ची पूजा है। भगवान शिव और माता पार्वती की कृपा से जरूरतमंदों को भोजन कराना ही हमारा धर्म है। जब तक समाज में कोई भूखा है, तब तक सेवा का यह यज्ञ अनवरत चलता रहेगा।"

उन्होंने आगे कहा कि मानव सेवा के माध्यम से ही ईश्वर की वास्तविक आराधना संभव है और शिव पार्वती रसोई परिवार इसी संकल्प के साथ कार्य कर रहा है।




इस पुनीत अवसर पर संस्था के सदस्य प्रत्यूष यादव, डॉ. सतवीर चौहान, राहुल शर्मा, सुनीत अग्रवाल, योगेश कुमार भारती, हरि ओम शर्मा, विवेक गुप्ता, ओमप्रकाश सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने सेवा कार्य में सहयोग प्रदान किया। शिव पार्वती रसोई परिवार का यह सेवा अभियान आगे भी इसी श्रद्धा, विश्वास और मानव कल्याण की भावना के साथ जारी रहेगा।

# रोटरी क्लब चन्दौसी अमन ने एएम वर्ल्ड स्कूल में आयोजित की स्पोर्ट्स मीट



**चन्दौसी।** रोटरी क्लब चन्दौसी अमन द्वारा रविवार को ए.एम. वर्ल्ड स्कूल परिसर में स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत क्रिकेट मैच धुरंधर-11 एवं बॉर्डर-11 टीमों के बीच खेला गया, जिसमें धुरंधर-11 ने 24 रन से विजय प्राप्त की। मैच में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रो. पवन गुप्ता को मैन ऑफ द मैच चुना गया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट पब्लिक इमेज चेयर रोटेरियन राहुल बिंदल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन दीपेश गुप्ता ने उनका तथा सभी सदस्यों का स्वागत किया। इस जनरल मीटिंग को खेल उत्सव का रूप दिया गया, जिसमें सभी रोटरी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि ने आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों के लिए स्वरुचि भोज का आयोजन किया गया।

# ब्लॉक में निकाली गई बाइक तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुंडापांडे।** गणतंत्र दिवस से एक दिन पूर्व मुंडापांडे ब्लॉक में बाइक तिरंगा यात्रा निकाली गई। इसमें कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह सैकड़ों समर्थकों के साथ शामिल हुए। यात्रा ग्राम भदासना से प्रारंभ होकर मुंडापांडे, खाईखेड़ा, बिनावाला, खबड़िया, बरबारा, सिहोराबाजे, गणेशघाट, सहरिया हिरनखेड़ा, भीतखेड़ा, मनकरा होते हुए विधायक के कैंप कार्यालय महर्षि दयानंद सरस्वती लॉ कॉलेज पर समाप्त हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने तिरंगा यात्रा में हिस्सा लिया और हाथों में तिरंगा झंडा लेकर 'वंदे मातरम' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए। पूरे मार्ग पर देशभक्ति के नारों से माहौल उत्साह से भरा रहा। यात्रा के समापन पर विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए युवाओं से अपील की कि वे देश के लिए बलिदान देने वाले वीरों को याद रखें। उन्होंने कहा कि तिरंगा केवल एक झंडा नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और बलिदान का प्रतीक है।

# रिश्तेदार बताकर, कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक से ऑनलाइन ठगी का प्रयास

**ठाकुरद्वारा।** ठाकुरद्वारा के कोतवाली प्रभारी मनोज परमार ने बताया कि उनके फोन पर एक व्यक्ति का फोन आया, जिसमें उसने कहा कि वह आपकी रिश्तेदार बुआ का लड़का बोल रहा है। उनसे उसने जान पहचान बताकर अपने जाल में फंसने की कोशिश की। इसके बाद उसने कहा कि उसे 10 हजार रूपए की सख्त जरूरत है वह उसके खाते में डाल दें। उसने कहा कि वह आपके रुपए जल्द ही वापस कर देगा। इस पर प्रभारी निरीक्षक समझ गए कि वह व्यक्ति उनके साथ ऑनलाइन ठगी का प्रयास कर रहा है। इस पर उन्होंने जब उसके साथ कड़ाई से बात की तो आरोपी ने अपना फोन स्विच ऑफ कर लिया। बता दें कि प्रभारी निरीक्षक ठाकुरद्वारा मनोज परमार पहले साइबर थाने के प्रभारी भी रह चुके हैं।

# एफआर इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर युवाओं को किया जागरूक

**चन्दौसी।** नगर के एफ.आर. इंटर कॉलेज में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन कर युवाओं एवं नए मतदाताओं को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया तथा मतदाता बनने की प्रक्रिया में सहयोग प्रदान किया गया। वक्ताओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने, जिम्मेदार नागरिक बनने और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर महफूज आजमवादी, सभासद जाकिर सलमानी, फखरे आलम, मतीन नवाज, हाजी राशिद, तनवीर सैफी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) का भी सराहनीय सहयोग रहा।
























# गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई

## निष्ठा का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चयन

### मार्च में प्रशिक्षण लेने जाएगी तुर्की



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद की एक और बेटी ने खेल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थान बनाया है। तीरंदाज खिलाड़ी निष्ठा गुप्ता का चयन भारतीय सबजूनियर नेशनल कोचिंग कैंप तथा विदेशी प्रशिक्षण शिविर के लिए हुआ है। निष्ठा मार्च में तुर्की में प्रशिक्षण लेने के लिए जाएगी।

ग्राम शादीपुर निवासी विवेक गुप्ता की 14 वर्षीय पुत्री निष्ठा गुप्ता तीरंदाजी की खिलाड़ी है। निष्ठा का चयन भारतीय सबजूनियर नेशनल टीम के कोचिंग कैंप के लिए हुआ है। इस संबंध में निष्ठा के परिजनों को आर्चरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा सूचना दी गई है। निष्ठा का चयन पिछले महीने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में संपन्न हुई जूनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता के कंपाउंड वर्ग में उपविजेता बनने पर हुआ है। निष्ठा एक महीने का प्रशिक्षण देश में प्राप्त करेगी। निष्ठा 16 मार्च से 26 मार्च तक तुर्की में विदेशी कैंप में प्रशिक्षण प्राप्त करेगी। निष्ठा ने हाल ही में झारखंड की राजधानी रांची में संपन्न हुए एसजीएफआइ खेलों में स्वर्ण सहित तीन पदक प्राप्त किए थे। निष्ठा का कैंप के लिए चयन होने से परिजनों में खुशी का माहौल है। जिला क्रीड़ा अधिकारी राजकुमार सिंह ने बताया कि जनपद के कई खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। निष्ठा गुप्ता के प्रदर्शन से जनपद के खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी।

जिलाधिकारी बिजनौर जसजीत कौर ने कहा कि जनपद की बेटी निष्ठा गुप्ता ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चयन पाकर बिजनौर का नाम रोशन किया है। यह जिले के लिए गर्व का विषय है। प्रशासन खेल प्रतिभाओं को हर संभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। निष्ठा जैसी खिलाड़ी अन्य बेटियों के लिए प्रेरणा बनेंगी और आगे चलकर देश का नाम ऊंचा करेंगी। निष्ठा के चयन से परिवार एवं क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

## स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर नगर पंचायत झालू सजी, तिरंगा रोशनी से चमका मुख्य द्वार




**झालू।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2025-26 के तहत नगर पंचायत झालू के मुख्य प्रवेश द्वार को आकर्षक विद्युत सज्जा व तिरंगा रोशनी से सजाया गया। नगर पंचायत परिसर में लगाए गए बैनर, पोस्टर और प्रकाश व्यवस्था के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। नगर पंचायत झालू द्वारा किए गए इस प्रयास से कस्बेवासियों में स्वच्छता अभियान को लेकर उत्साह दिखाई दिया। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत चल रहे सर्वेक्षण को सफल बनाने के लिए नगर पंचायत द्वारा लगातार सजगता और प्रचार-प्रसार किया जा रहा।

## अलीम अहमद राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित



**बिजनौर।** फरीदपुर भोगन उर्फ भोगनवाला निवासी अलीम अहमद को राष्ट्रपति पुलिस पदक (वीरता) से सम्मानित किया जाएगा। उन्हें यह सम्मान 26 जनवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा उनकी वीरता, साहस और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रदान किया जाएगा।

## स्वदेशी संकल्प यात्रा का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** स्वदेशी संकल्प यात्रा का हल्दौर महाराणा प्रताप चौक पर पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। यह यात्रा स्वदेशी अपनाने, आत्मनिर्भर भारत बनाने और राष्ट्र शक्ति को मजबूत करने के संकल्प के साथ चल रही है।

हल्दौर में उक्त यात्रा प्रतिनिधियों अनुपम श्रीवास्तव क्षेत्र संयोजक पूर्वी उत्तर प्रदेश, अजय आनंद प्रान्त सह संयोजक काशी प्रान्त, डॉ. आनंद दीक्षित प्रान्त प्रचार प्रमुख अवध प्रांत, प्रवीण अग्निहोत्री जिला समन्यवक झांसी, अजय वत्स जिला संयोजक बिजनौर, सुभाष गुप्ता उद्योगपति मुम्बई, रामकुमार दीक्षित सहकार भारती आदि का पालिका चेयरपर्सन पति दीपक कुमार सैनी, जीएसएन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के एमडी रघुराज सिंह नागर, प्रोफेसर ललित कुमार, अंकुर चंद्रा, राजकुमार सिंह राजू, संजीव सुदर्शन, पंकज कुमार, मोनू चंद्रा, हिरदेश प्रकाश, चरणजीत सिंह मिक्का, अमित कुमार, सभासद हेमंत कुमार, भानू चौहान, पीयूष राजपूत, मास्टर प्रमोद चौहान, मास्टर विपिन कौशिक, डॉ. श्रुतिपाल, आशुतोष रस्तोगी, अर्पित रस्तोगी आदि ने यात्रा के प्रतिनिधियों को पुष्ट माला पहनाकर स्वागत किया व गमले भेंट कर सम्मानित किया। नगर व्यापार मंडल के सदस्यों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी की। सभी ने मिलकर भारत माता की जयकारे लगाए और स्वदेशी संकल्प को दोहराया। यह यात्रा हरिद्वार से नजीबाबाद, किरतपुर, बिजनौर, हल्दौर, नहटौर, धामपुर, स्योहारा होते हुए गुजरेगी। सभी प्रतिभागियों ने स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने और विदेशी उत्पादों पर निर्भरता कम करने का संकल्प लिया। यह यात्रा जन-जन तक स्वदेशी का संदेश पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

गणतंत्र दिवस की सभी को बधाई



विजय पाल सिंह
ग्राम प्रधान- हरगनपुर
ब्लॉक कोतवाली देहात (बिजनौर)

## कांग्रेस की दर्जनों गांवों में चौपाल



**नहटौर।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा मनरेगा बचाओ संग्राम जागरूकता अभियान के तहत क्षेत्र के दर्जनों गांवों में चौपाल आयोजित की गई, जिसमें पूर्व आईएएस आरके सिंह ने अभियान को गरीब मजदूरों के हक की लड़ाई बताया। जिला अध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह के नेतृत्व में जनपद में लगाई जा रही चौपालों में ग्रामीणों और जॉब कार्ड धारकों के हक में पार्टी कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के गांव मंडोरी, फजलपुर, मुकर्रमपुर, बालापुर अखेड़ा, समसपुर, चकगोवर्धन तथा सराय काजियान में लोगों को जागरूक किया। चौपाल में पहुंच रहे ग्रामीणों और मनरेगा जॉब कार्ड धारकों की भारी भागीदारी ने इसे जन-आंदोलन का रूप दिया है। इस अवसर पर पूर्व आईएएस आर.के. सिंह, जिला समन्वयक मनरेगा मौहम्मद सलीम, नजाकत अली, अब्दुल समद आजाद, हुकुम सिंह, सुकेश कुमार एवं अन्य वरिष्ठ कांग्रेसी मौजूद रहे।

## विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद में कान्हा होटल में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें आनंद सह प्रांत प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मेरठ प्रांत बहन प्रियंवदा भारती प्रधानाचार्य कन्या गुरुकुल श्रवणपुर नजीबाबाद और महेश पाल विभाग संचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बिजनौर विभाग द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य हिंदू समाज को एकत्रित करना जात-पात छोड़कर एक सूत्र में बंध कर सनातन धर्म को आगे बढ़ाना है। कोई भी जाति-पाति छोटी बड़ी नहीं होती। इसीलिए जात-पात छोड़कर हम सभी हिंदू भाई हैं। इसी उद्देश्य के साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया।




गणतंत्र दिवस की सभी को बधाई



मा. जाहिद
समाजसेवी, भागूवाला

गणतंत्र दिवस की सभी को बधाई




अफजल अंसारी
समाजसेवी, भागूवाला

गणतंत्र दिवस की सभी को हार्दिक बधाई

विष्णु जी
समाजसेवी, कोटसराय

गणतंत्र दिवस की सभी को बधाई



पवन कुमार विश्नोई
श्री शिव इंटरप्राइजेज
नारायणपुर रतन, जनपद बिजनौर
धुला रेत, दस एमएम, बीस एमएम, चालीस एमएम, डस्ट आदि के लिए सम्पर्क करें।

## सुभाषचंद्र बोस की जयंती पराक्रम दिवस के रूप में मनाई

**नगीना।** महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती एमएम इंटर कॉलेज में पराक्रम दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय परिसर 'नेताजी अमर रहें' और 'जय हिंद' के नारों से गुंजायमान रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका चेयरपर्सन ताहिरा बेगम द्वारा नेताजी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इसके बाद छात्र-छात्राओं के लिए नेताजी के जीवन और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर आधारित विभिन्न संस्कृतिक कार्यक्रमों व प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। विद्यार्थियों ने इन कार्यक्रमों व प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचारों से नेताजी के संघर्ष, त्याग और साहस को प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों ने अपने विचारों में 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' जैसे ऐतिहासिक नारों को भी शामिल किया।

प्रधानाचार्य शाहिद अली गौहर ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि यदि सुभाष चंद्र बोस जैसी महान विभूतियां न होतीं, तो देश आज भी गुलामी की जंजीरों में जकड़ा होता। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों के लंबे और कठिन संघर्ष से मिली आजादी को संजोकर रखने को सभी का कर्तव्य बताया।



# गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई

यौमे जम्हूरियत की हर दिल अजीज अवाम एवं तमाम समर्थकों को दिल की गहराईयों से **मुबारकबाद**



अब्दुल समद उर्फ चमन त्यागी
वरिष्ठ समाजसेवी बिजनौर



गणतंत्र दिवस की सभी नागरिकों, बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र के सम्मानित मतदाताओं, सपा के निष्ठावान व समर्पित कार्यकर्ताओं एवं समस्त समर्थकों को **शुभकामनाएं**

**कपिल कुमार**– पूर्व प्रत्याशी समाजवादी पार्टी
बढ़ापुर विधानसभा क्षेत्र, जनपद बिजनौर



## वर्मा मैटरनिटी एवं नर्सिंग होम
स्टेशन रोड, स्योहारा, जनपद-बिजनौर

**सभी को गणतंत्र दिवस की**



**हार्दिक बधाई**



**डॉ. लिपिसेन वर्मा**
एमबीबीएस, डीजीओ
एम.आई.पी. (रजि.नं. 36928)
फोन : 01344-252699

**डॉ. मनोज कुमार वर्मा**
एमबीबीएस, आरएचएस
(रजि.नं. 36441)
फोन: 09412218433

**तहसील में सर्वप्रथम सुविधाएं उपलब्ध कराने वाला नर्सिंग होम**

**24 घण्टे एम्बुलेन्स सेवा**

**उपलब्ध सुविधाएं:-**
(1) सर्वप्रथम सिजेरियन की सुविधा, ऑपरेशन द्वारा डिलीवरी।
(2) तहसील का सर्वप्रथम 3 डी अल्ट्रासाउन्ड।
(3) सर्वप्रथम लैप्रोस्कोपिक सर्जरी की सुविधा।
(4) सर्वप्रथम तहसील की पहली गाइनकोलोजिस्ट चिकित्सक की सुविधा।
(5) केन्द्रीय ऑक्सीजन प्लांट युक्त बेबी नर्सरी।
(6) फोटो थिरेपी।
(7) कार्डियोमानिटरिंग की सुविधा मल्टी पैरामीटर द्वारा।
(8) कम्प्यूटराईज्ड ईसीजी की सुविधा।
(9) पल्स ऑसीमीटर।
(10) उ.प्र. शासन द्वारा परिवार नियोजन के लिए मान्यता प्राप्त नर्सिंग होम।
(11) उ.प्र. शासन द्वारा गर्भ समापन के लिए अधिकृत नर्सिंग होम।
(12) एल.आई.सी. चिकित्सा की सुविधा।

## गणतंत्र दिवस की सभी नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को

**मुबारकबाद/हार्दिक बधाई**

# एम आर पाशा



संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष- राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन
ब्रांड एंबेसडर लोकसभा चुनाव 2024
सदस्य जिला स्तरीय समिति, बिजनौर

मेरा जीवन दिव्यांगजनों को निस्वार्थ समर्पित एवं जीवन का एक मात्र उद्देश्य दिव्यांगजनों को समाज की मुख्य धारा में शामिल कराना

दिव्यांगों, बुजुर्गों, विधवाओं, गरीबों, मजदूरों एवं समाज के शोषित व उपेक्षित वर्ग के कल्याण व उनकी निस्वार्थ सहायता के लिए कार्य करते हुए उनके अधिकारों की रक्षा के वास्ते उनकी आवाज उठाते हुए उन्हें न्याय दिलाने वाला प्रमुख संगठन